
# हरिभूमि
मैरी क्रिसमस

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025












## खबर संक्षेप

### महानदी जल विवाद का होगा समाधान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी जल विवाद के हल के लिए बनी सर्वदलीय उच्च-स्तरीय समिति एक सौहार्द्रपूर्ण समाधान पर सहमत हो गई लेकिन साथ ही उसने कानूनी लड़ाई को कमजोर न करने का भी फैसला किया है। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री के. वी. सिंह देव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में सभी आठ सदस्य शामिल हुए, जिनमें तीन मंत्री सुरेश पुजारी (राजस्व), पृथ्वीराज हरिचंदन (कानून) और संपद चंद्र स्वैन (उद्योग) और विधायक सरोज कुमार प्रधान (भाजपा), निरंजन पुजारी (बीजद) और सोफिया फिरदौस (कांग्रेस) शामिल थे।

### धर्मांतरण व कांकेर मामले में सर्व समाज का बंद, सड़कों पर निकले बंद समर्थक

# छत्तीसगढ़ बंद का बड़ा असर, 2000 करोड़ का कारोबार ठप रहा, कहीं कहीं तोड़फोड़ व विवाद

धर्मांतरण और कांकेर जिले में आदिवासियों पर हुए हमले के विरोध में सर्व समाज द्वारा आहूत बंद का बस्तर संभाग समेत कई जिलों में खासा असर देखने को मिला है। रायपुर, कांकेर समेत सभी शहरों में प्रमुख बाजार और दुकान सुबह से ही पूरी तरह से बंद रहे। कई शहरों में बाजार बंद रहे और आम जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। कहीं कहीं तोड़फोड़ और विवाद के हालात भी बने। कहा जा रहा है कि एक दिन के बंद से राज्य में तकरीबन 2000 करोड़ का कारोबार प्रभावित रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर संभाग में धर्मांतरण के विरोध में बंद का व्यापक असर देखा गया। इसके अलावा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, कवर्धा, महासमुंद, धमतरी, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, नारायणपुर, पेंड्रा-गौरेला और पखांजूर में सुबह से ही बाज़ार बंद रहे और सड़कें सुनसान रहीं। व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर समर्थन दिया, जबकि आमाबेड़ा और कोंडागांव की घटनाओं से आदिवासी समाज में आक्रोश है। सर्व आदिवासी समाज और हिंदू परिषद ने बाइक रैली निकालकर बंद की अपील की, वहीं हालात को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। ▶▶| शेष पेज 8 पर





### मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़

दुकानें और शॉप बंद कराने निकले कार्यकताओं ने रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में जमकर हंगामा मचाया। यहां क्रिसमस मनाने के लिए की गई तैयारी और सजावटी सामान फेंक दिया। प्रदर्शनकारियों ने सजावट के खिलाफ जमकर नाराजगी निकालते हुए तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान विवाद की स्थिति बन गई।



### बस अड्डे पर हंगामा

सर्व समाज के कार्यकताओं ने अंतरराज्यीय बस अड्डे पहुंचकर बसों के संचालन पर रोक लगाई। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। खबर है कि कुछ बसों में तोड़फोड़ की है। हालांकि अब तक इस पर पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत ▶▶| शेष पेज 8 पर



## महाबंद के बीच महिला के घर पर तोडफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ महाबंद के बीच कांकेर के आमाबेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार, धर्म परिवर्तन कर चुकी एक महिला को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि महिला के धर्म परिवर्तन को लेकर नाराज ग्रामीणों ने उसका घर तोड़ दिया और विरोध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि ग्रामीण महिला पर हिंदू धर्म में वापस आने का दबाव बना रहे थे, लेकिन महिला ने धर्म परिवर्तन से वापस लौटने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मामला ▶▶| शेष पेज 8 पर






## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते बिहार-यूपी के दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि भावना नगर चिल्फी हाईट्स के आगे स्थित खाली प्लाट में 2 संदिग्ध युवक अपने पास गांजा रखे हुए हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत लगभग 3 लाख 75 हजार रुपए के साथ तौल मशीन एवं दो मोबाइल जब्त किए। पूछताछ पर आरोपियों की पहचान साहिल कुमार गुप्ता 24 वर्ष निवासी ग्राम गागी चौक थाना आरा नगर जिला भोजपुर बिहार तथा विमल कुमार कुशवाहा 21 वर्ष निवासी दुर्गापुरी रगौर थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश के रूप में की गई। दोनों वर्तमान में सेलटैक्स कालोनी भावना नगर में किराए के मकान में रहते हैं।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रार्थी अंकित सहाय निवासी वल्लभ नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के पास आरोपी गौतम तांडी एवं अन्य युवक पेशाब कर रहे थे, जिसे उसकी मां ने मना किया तो इस बात पर दोनों ने उसके घर में घुसकर उसकी मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 333, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# बीजीएल बम से एयर गन तक 25 खतरनाक सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

## मेटागुड़ा में नक्सल डंप पर सुरक्षाबलों का तगड़ा प्रहार



जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। कैम्प मेटागुड़ा क्षेत्र में कोबरा और सीआरपीएफ कोबरा, 131 बटालियन और सुकमा जिला बल की संयुक्त टीम ने जंगल-पहाड़ियों से भारी मात्रा में नक्सली डंप बरामद कर लिया। ग्राम बोटेतोंग के घने जंगलों में छिपाए ये हथियार-विस्फोटक सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाने की साजिश थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार नक्सली उपस्थिति की सूचना पर रवाना हुई टीम ने प्रातः बोटेतोंग-पीनाचांदा जंगलों में डंप खोज निकाला। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया लगातार एंटी-नक्सल ऑपरेशन से माओवादी दबाव में हैं। उन्होंने नक्सलियों से हिंसा छोड़ पूना मार्गे पुनर्वास में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया अभियान से नक्सली नेटवर्क जड़ से कमजोर हो रहा। यह बरामदगी बस्तर में शांति की नई उम्मीद जगाती है, माओवादियों के पास अब सिर्फ सरेंडर का रास्ता ही खुला है।

### बरामद सामान

बरामद सामान में आईईडी कंटेनर, बीजीएल पार्ट्स, स्पाइक रॉड्स, एयर गन जैसी घातक चीजें शामिल। 25 आइटम की खतरनाक लिस्ट-एयर गन (2): एक का बट टूटा। आईईडी स्प्लिंटर्स (2 किलो), बीजीएल हेड (7), टेल कैप (26)-बोम्ब बनाने के पुर्जे। इलेक्ट्रिक डेटोनेटर (1), पीसीबी (4), हेक्सा ब्लेड (5)। पाइप-सिलिंडर (11), स्पाइक रॉड (40), स्क्रू (2 किलो) आईईडी-बीजीएल फैक्ट्री के कल-पुर्जे। अन्यः माइक्रोटेक इन्वर्टर, एचपी प्रिंटर, आरओ फिल्टर, इंजन ऑयल, दवाइयां, महिला बैग।

# 'इश्क' में दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी व मासूम बच्चे को उतार दिया मौत के घाट, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ग्राम सिरपुर से गायब विवाहित व 3 साल के बच्चे की 22 नवंबर को हुई गुमशुदगी का मामला सुलझा लिया है। पति ने इश्क के चक्कर में दोस्त के साथ मिलकर पहले पत्नी और बच्चे का अपहरण किया। उसके बाद हत्या कर ओडिशा में इंद्रावती नदी व तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने मृतिका के पति, दोस्त, प्रेमिका व परिजन सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। परिवार व समाज के लोगों ने आरोपियों को फांसी सजा देने की मांग की है।

एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर ग्राम सिरपुर की भगवती सेठिया और उसके 3 साल के बेटे की गुमशुमदगी मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि महिला गुम नहीं हुई थी, उसका और बेटे का अपहरण किया गया था।। पूरी घटना का मास्टर माइंड मृतिका के पति रोहित सेठिया का बसंती प्रधान नामक युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने पत्नी भगवती पटेल को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। रोहित ने अपने दोस्त मिथलेश और नरेश के साथ मिल कर भगवती और उसके बच्चे को विशाखापटनम घुमाने लेकर जाने के बहाने घर से उठाया। ओडिसा जाने वाले मार्ग में सुनसान जगह देखकर कार में ही गला घोंट कर दोनों की हत्या कर दी। उन्होंने लाश पर बड़े ही शातिराना ढंग से पत्थर से बांध कर ओडिसा के इंद्रावती नदी में ले जाकर फेंक दिया। वहीं बच्चे की लाश को पत्थर से बांध कर कुछ दूर पर तालाब में फेंक दिया था। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपने 2 दोस्तों के साथ मिल कर अपनी पत्नी और बच्चे की हत्या कर के लाश को नदी और तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या करने, लाश छुपाने और आरोपियों को भागने में मदद करने वाले आरोपी के पिता, मां, मामा और प्रेमिका समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## रहस्यमयी तरीके से गुम मां और बच्चे मामले में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा



### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी रोहित सेठिया गुहाबोरण्ड, दोस्त मिथलेश मरकाम टेडमुंडा, चचेरा भाई नरेश पांडे बूडरा, रोहित के पिता रामचंद सेठिया गुहाबोरण्ड, मां उर्मिला सेठिया गुहाबोरण्ड, मामा प्रभु पांडे बुडरा और प्रेमिका बसंती प्रधान बवई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीओपी ने बताया कि फिलहाल विवेचना जारी है। इस मामले में और भी आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### इस तरह हुआ खुलासा

विवेचना के दौरान साइबर सेल और फरसगांव पुलिस की संयुक्त ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर बारीकी से छानबीन शुरू की। इस दौरान तकनीकी मदद से यह जानकारी मिली कि भगवती सेठिया ने आखरी बार अपने पति रोहित सेठिया से फोन के माध्यम से बातचीत की थी। उसके बाद से ही उसका फोन बंद हो गया था। तब पुलिस ने मृतिका के पति रोहित सेठिया की पतासाजी शुरू की। एसडीओपी ने बताया कि तब तक रोहित अपना फोन बंद कर के फरार हो चुका था। जांच में यह बात सामने आई कि रोहित सेठिया ने अपने दो दोस्त मिथलेश और नरेश के साथ मिल कर भगवती सेठिया और उसके बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस ने तत्काल तीन अलग अलग टीम बनाकर तीनो युवकों की पतासाजी शुरू किया। मिथलेश करीमनगर जा चुका था, नरेश हरिद्वार और रोहित कलकत्ता रवाना हो चुका था। आरोपियों की लगातार पतासाजी करने के बाद पुलिस ने 13 दिसंबर को सबसे पहले मिथलेश को गिरफ्तार किया। ततपश्चात मिथलेश की निशानदेही पर नरेश और रोहित की भी गिरफ्तारी हुई।

### मेडिकल पीजी प्रवेश की पहली सूची में 273 नाम

**रायपुर।** मेडिकल कालेजों की शासकीय कोटे की पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली आबंटन सूची जारी कर दी है। शेड्यूल के मुताबिक पहले राउंड का प्रवेश 24 से 28 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। आवंटन सूची में 273 लोगों को संशोधित नियम के हिसाब से सीटें अलॉट की गई हैं। संशोधित नियम के खिलाफ न्यायालय में मामला लंबित है जिस पर सुनवाई मार्च 2026 में होगी। इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया को हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन रखा गया है। राज्य कोटे की सीट को आधा-आधा बांटने के संशोधित नियम के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने न्यायालय की शरण ली थी। इसकी वजह से 10 दिसंबर को मेरिट सूची के प्रकाशन के बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। 13 दिन बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रथम दौर की आबंटन सूची जारी कर दी गई है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती की प्रक्रिया जारी

# फाइनल सूची जारी होने से पहले लीक, सदस्य ने कहा- नौकरी लगाने के नाम पर डेढ़ लाख तक वसूली की आई है शिकायत

## तिल्दा ब्लॉक में कई शिकायतें मिलने पर सदस्य ने सामान्य सभा में उठाया मामला

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदनों के आने के बाद रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकर्ता और सहायिकाओं का चयन भी किया गया है, जिसकी एक सूची भी तैयार की गई है, जो जारी होने से पहले लीक हो गई है। इस सूची में जिन चयनित महिलाओं के नाम शामिल हैं, उनसे अब नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक वसूली की जा रही है। तिल्दा जनपद क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने इस मामले को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में भी उठाया है, जिस पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय जांच कराने की बात कही है। इधर इस मामले में जिला पंचायत के सीईओ कुमार बिश्वास ने कहा कि विभागीय जांच में अगर कोई कमी या दिक्कत आएगी, तो इस मामले की जांच एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट से कराई जाएगी।

**12 कार्यकर्ता एवं 48 सहायिका के रिक्त पदों पर होनी है भर्ती**

रायपुर जिले में कुल 1941 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों में कार्यकर्ता के 1929 और सहायिकाओं के 1893 पद भरे हुए हैं, वहीं रिक्त पदों में कार्यकर्ता के 12 एवं सहायिका के 48 हैं। इन रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जिले में जारी है। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदनों के आधार पर कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का चयन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इनमें से कई पदों पर नियुक्ति के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का चयन भी कर दिया गया है, जिसकी सूची भी तैयार की गई है। यह सूची अभी जारी नहीं की गई है, लेकिन इससे पहले ही यह सूची लीक हो गई है। इस सूची के आधार पर ही कुछ लोग अब सूची में शामिल महिलाओं से संपर्क कर रहे हैं और उनकी नौकरी लगाने की गारंटी देते हुए उनसे एक लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक वसूली कर रहे हैं।

तिल्दा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने हालही में कलेक्टोरेट के रेडक्रास सभाकक्ष में हुई सामान्य सभा की बैठक में इस मामले को जोरशोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के नाम सूची में शामिल हैं, ऐसी कई महिलाओं से कुछ लोग इस पद पर नियुक्ति की गारंटी लेकर उनसे एक से डेढ़ लाख रुपए की मांग की है। कुछ महिलाएं तो फाइनल सूची में नाम आने के लालच में पैसे भी उन लोगों को दे चुकी हैं, लेकिन लिस्ट से नाम कहीं कट नहीं जाए, इस भय से इसकी लिखित में शिकायत कर नहीं पा रही हैं।

स्वाति वर्मा ने बैठक में यह भी जानकारी दी है कि वसूली करने वाले लोग लिस्ट लेकर चयनित महिलाओं के घर-घर जाकर उनसे संपर्क कर रहे हैं। इस लिस्ट में शामिल नामों में से उसका नाम फाइनल करने के एवज में उनसे यह वसूली की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई है कि लिस्ट लेकर वसूली करने वाले लोग विभाग या जनपद पंचायत से जुड़े हैं, क्योंकि यह लिस्ट और किसी को मिल नहीं सकती है।

### तिल्दा के अलावा दूसरे ब्लॉक क्षेत्रों में भी इस तरह की वसूली की आशंका

स्वाति वर्मा ने कहा कि यह लिस्ट अगर लीक हुई है, तो तिल्दा के अलावा अन्य ब्लॉक क्षेत्रों में भी इस तरह महिलाओं से नियुक्ति कराने के नाम पर वसूली की जा रही होगी। उन्होंने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप यदु ने कहा कि लिस्ट लीक हुई या की गई है। जांच में इसका खुलासा होगा, इसलिए इसकी जांच होना बहुत जरूरी है।

### विभागीय जांच होगी

इस मामले की पहले विभागीय जांच होगी। सामान्य सभा की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं।इस जांच में अगर कोई दिक्कत या कमी होगी तो एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से इसकी जांच कराएंगे।

– **कुमार बिश्वास,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

# एमडीएमए ड्रग मामला, इवेंट मैनेजर सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

एमडीएमए ड्रग मामला में राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने इवेंट मैनेजर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। ड्रग रैकेट मामले में पुलिस ने एक किशोरी सहित कुल सात लोगों की गिरफ्तार की है। रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पुलिस पतासाजी कर रही है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद ड्रग रैकेट के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने ड्रग रैकेट संचालित करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू किया।

- किशोरी सहित अब तक सात गिरफ्तार

ड्रग सिंडिकेट से जुड़े इवेंट मैनेजर तथा डेकोरेटर मंदिर हसौद निवासी माजिद खान तथा नागपुर निवासी नंदलाल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन दिन पूर्व वरण अपार्टमेंट के फ्लैट में रेड कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर पराग बरछा उर्फ रघु, शुभम राजू धावड़े, अमन शर्मा, शुभम सिंघनापुरे उर्फ आर्यन तथा एक किशोरी को एमडीएमए ड्रस के साथ गिरफ्तार किया था।

उनके कब्जे से पुलिस ने साढ़े तीन लाख रुपए कीमत की 10 ग्राम एमडीएमए, चार मोबाइल फोन और 20 हजार रुपए नकद जब्त किए गए थे। पूछताछ में माजिद ने पुलिस को बताया है कि वह नंदलाल को फोन-पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर करता था। इसके बाद उसे नंदलाल ड्रग भेजता था। इसके बाद वह पराग के माध्यम से युवाओं के बीच ड्रग सर्कुलेट करता था।

# पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने एक्ट में संशोधन की तैयारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली जनवरी में लागू हो सकती है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने एक्ट में संशोधन किया जा रहा है। राज्य सरकार ने 31 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक बुलाई है, जिसमें एक्ट में संशोधन के लिए अध्यादेश पर मुहर लग सकती है। उल्लेखनीय है कि पहले 1 जनवरी से कमिश्नर प्रणाली लागू करने की चर्चा थी, लेकिन अब इसमें विलंब हो सकता है। एक्ट में संशोधन के बाद जनवरी में ही राजधानी में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होगी। यह तय हो गया है कि आईजी स्तर के अफसर पुलिस कमिश्नर के पद पर रहेंगे। पुराने पीएचक्यू भवन में पुलिस कमिश्नर दफ्तर लगेगा। कमिश्नर के लिए सेटअप भी तैयार हो गया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। पुलिस कमिश्नर प्रणाली के तहत पुलिस कमिश्नर को मजिस्ट्रियल पॉवर मिलेगा, जिससे अपराधों पर त्वरित कार्रवाई संभव होगी। पुलिस कमिश्नर को शस्त्र लाइसेंस जारी करने, धारा 144 लागू करने और निषेधाज्ञा लगाने की शक्ति होगी।

- 31 को हो सकती है कैबिनेट, अध्यादेश पर लगेगी मुहर

### 15 अगस्त को हुई थी घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 अगस्त के भाषण में रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की घोषणा की थी। सरकार ने एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाई जो मॉडल, रूपरेखा और ड्राफ्ट तैयार करने का काम कर रही है। समिति ने अन्य राज्यों के मॉडल की समीक्षा कर प्रस्ताव तैयार किया, जिसे राज्य सरकार के गृह विभाग को भेजा गया था। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट डीजीपी तथा गृह विभाग को सौंप दी थी।

### इन नामों की चर्चा

रायपुर के पहले पुलिस कमिश्नर के लिए रायपुर आईजी अमरेश मिश्र, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग, सरगुजा आईजी दीपक झा के साथ आईजी अजय यादव के नाम चर्चा में हैं।




क्या आपको मोतियाबिंद हैं?
मोतियाबिन्द का कराएं सफल ऑपरेशन
WORLD CLASS CATARACT TREATMENT
MICS - Micro Incision Cataract Surgery
NABH Accredited
- मोतियाबिन्द ऑपरेशन द्वारा दूर एवं पास के चश्मे से छुटकारा
- विश्वस्तरीय प्रीमियम IOL प्रत्यारोपण
( Alcon Panoptix, Vivity, Clareon, IQ, Toric Lens )
- एडवांस मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको पद्धति द्वारा
- विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनों से सुसज्जित रेटिना डिपार्टमेन्ट
- अनुभवी सर्जन (80 हजार सफल सर्जरी का अनुभव )
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, बिना पट्टी बांधे, शीघ्र रिकवरी
- 10 मिनट में ऑपरेशन और 2 घंटे में छुट्टी

कोल इंडिया लिमिटेड से मान्यता प्राप्त
छ.ग. शासन के कर्मचारियों के उपचार हेतु मान्यता प्राप्त
द. पू. म. रेलवे के कर्मचारियों का कैशलेस ईलाज हेतु मान्यता प्राप्त
इंश्योरेंस, टी पी ए कम्पनी से मान्यता प्राप्त

Vinayak Netralaya
विनायक नेत्रालय
अग्रसेन चौक के पास, लिंक रोड, बिलासपुर (छ.ग.) 9685333999

बिलासपुर
**गुरुवार, 25 दिसंबर 2025**
पौष शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 25, अंक : 272
पृष्ठ : 12+10 = 22 मूल्य : 5 .00***

**मौसम**
अधि. 27.2
न्यून. 10.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से ...

विचार पेज
2 छत्तीसगढ़ में साकार होती....




# मंत्रियों, बड़े पुलिस अफसरों को अब नहीं मिलेगी सलामी, खत्म हुआ गार्ड ऑफ ऑनर का सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब सरकार के गृहमंत्री, सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जब जिलों में भ्रमण करने जाएंगे, दौरा करेंगे या निरीक्षण, इस दौरान उन्हें सलामी यानी गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने यह आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है।

**ये है मामला:** दरअसल अब राज्य शासन के गृह विभाग ने सलामी की समीक्षा करने के बाग सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। सरकार का मानना है कि पुलिस बल की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए यह किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ये भी मानती है कि यह उपनिवेशवाद कोलोनियल सिस्टम का ▶▶|शेष पेज 8 पर

## राज्य सरकार के गृह विभाग ने जारी किया आदेश

### इन्हें जारी रहेगी सलामी

सरकार ने निर्देश में ये भी कहा है कि गृहमंत्री, अन्य सभी मंत्रियों और पुलिस अधिकारियों को भले ही अब सलामी नहीं दी जाएगी, लेकिन संवैधानिक एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के लिए सलामी की व्यवस्था लागू रहेगी। इनमें प्रोटोकॉल अनुसार संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभाव एवं अतिथियों के लिये सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की व्यवस्था पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

### ये है ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

गार्ड ऑफ ऑनर का मूल विचार भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान आया, जो राष्ट्रमंडल देशों (की सैन्य परंपरा का हिस्सा था। प्राचीन काल में भी राजा-महाराजाओं के आगमन पर सैनिकों द्वारा लाइन में लगकर स्वागत करने की परंपरा रही है, लेकिन आधुनिक सैन्य प्रोटोकॉल अंग्रेजों के समय से विकसित हुआ।

### भारत में कब से शुरू हुआ गार्ड ऑफ ऑनर

भारत में गार्ड ऑफ ऑनर की परंपरा का इतिहास काफी पुराना है, जिसे मुख्य रूप से दो चरणों में समझा जा सकता है। इसके आधुनिक स्वरूप की शुरुआत (1947) में हुई। स्वतंत्र भारत में औपचारिक 'ट्राई-सर्विसेज गार्ड ऑफ ऑनर' की शुरुआत 1947 में आजादी के तुरंत बाद हुई थी। भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) को मिलाकर एक विशेष टुकड़ी बनाई गई, जिसका काम भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्षों और वीवीआईपी को सलामी देना था। ऐतिहासिक रूप से 1947 में पहली बार भारतीय तिरंगे को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

### सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की समाप्ति

गृह विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि राज्य के भीतर सामान्य दौरों, आगमन,प्रस्थान एवं निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित को अब सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) नहीं दिया जायेगा। राज्य के गृहमंत्री एवं सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिला में भ्रमण, दौरे, निरीक्षण के समय इन मंत्रियों एवं अधिकारियों के लिये पूर्व में प्रचलित सलामी की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

### यहां ये नियम नहीं होगा लागू

राष्ट्रीय एवं राजकीय समारोह के अवसर पर लागू नहीं होगें। इन अवसरों पर औपचारिक सलामी गारद पूर्ववत दी जाएगी। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) एवं स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)। शहीद पुलिस स्मृति दिवस (21) अक्टूबर) एवं राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर)। राजकीय समारोह, पुलिस दीक्षांत परेड।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वंदे भारत को पायलट ने आपात स्थिति में रोका

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम में अकथुमुरी हॉल्ट स्टेशन के पास रेल की पटरी पर एक ऑटो रिक्शा दिखने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ एक बड़ा हादसा होने से बच गया। मंगलवार रात करीब 10.10 बजे कासरगोड से तिरुवनंतपुरम जाने वाली ट्रेन नंबर 20633 वर्कला-कडाक्कावुर सेक्शन में अकथुमुरी हॉल्ट के पास पहुंच रही थी।

### नागपुर में 53 लाख के ड्रग्स समेत दो गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने 53 लाख रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ मेथाम्फेटामाइन जब्त कर इस सिलसिले में राजस्थान से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एम.आई.डी.सी पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति वानाडोंगरी इलाके में संगम मार्ग के पास एमडी बेचने की योजना बना रहे हैं।

*एनकाउंटर में ढेर अमन साव गैंग के साथ मिलकर करता था उगाही*

# विश्नोई गैंग के गैंगस्टर मयंक सिंह को रायपुर शूट-आउट केस में लाया गया

*कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को राजधानी पुलिस झारखंड, रामगढ़ जेल से बुधवार को प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। मयंक सिंह को रामगढ़ पुलिस ने अपनी सुरक्षा में रायपुर लाकर क्राइम ब्रांच पुलिस के सुपुर्द किया है। गिरफ्तार गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग से भी जुड़ा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वह झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर एनकाउंटर में ढेर अमन साव गैंग के साथ मिलकर कारोबारियों से प्रोटेक्शन मनी के रूप में फिरौती वसूली करने का कार्य करता था। रायपुर लाने के बाद स्थानीय पुलिस ने मयंक सिंह को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने सात दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की है। पुलिस को चार दिनों की रिमांड हासिल हुई है। पुलिस के मुताबिक मयंक ने अमन के साथ मिलकर रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर अपने शूटरों की मदद से फायरिंग करवाई थी। मयंक सिंह को झारखंड एटीएस ने इंटरपोल की मदद से अगस्त में अजरबैजान से गिरफ्तार किया था। मयंक के ▶▶|शेष पेज 8 पर

- पीआरए ग्रुप से फिरौती नहीं मिलने पर कराई थी फायरिंग



### विदेश में बैठकर गैंग ऑपरेट

*पुलिस अफसरों के अनुसार मयंक सिंह विदेश में बैठकर अमन साव के साथ मिलकर गैंग ऑपरेट कर रहा था। वह डंकी रूट के जरिए विदेश पहुंचा था। पहले सिंगापुर फिर ईरान, मेक्सिको होते हुए अमेरिका तक गया और वहीं से गैंग का संचालन करता रहा। अब उसके प्रत्यर्पण के बाद पुलिस उससे अमन साव और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े कई अहम सवाल पूछ कर गैंग से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाएगी।*

### कारोबारी के कार्यालय के बाहर फायरिंग

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष एक जुलाई को कोल तथा कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय के बाहर फायरिंग की घटना हुई थी। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया था, जिसमें बाइक सवार बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की थी। इसमें एक हवा में और दूसरी फायरिंग कार पर की गई थी। आरोप है कि मयंक सिंह ने यह गोली चलवाई थी।

### ढेर होने के बाद अमन के गैंग पर कब्जा

फिरौती तथा जबरन वसूली के आरोप में रायपुर जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव को झारखंड पुलिस ने इसी साल मार्च में एनकाउंटर में ढेर किया था। मरने के बाद अमन के गैंग पर पूरा नियंत्रण मयंक सिंह का हो गया था। साथ ही उसने सोशल मीडिया के माध्यम से अमन को ढेर करने वाले पुलिसकर्मियों से बदला लेने की धमकी दी थी।

### मीडिया को ई-मेल करके बताया था टारगेट

16 जून 2024 को छत्तीसगढ़-झारखंड के कोल और कंस्ट्रक्शन कारोबारियों को मारने आए आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मयंक सिंह ने छत्तीसगढ़ के मीडिया को एक धमकी भरा ई-मेल भेजा था। इसमें उसने गिरफ्तारी को षड्यंत्र बताया था। साथ ही रंगदारी मांगने की बात से इनकार करते हुए ईगो हर्ट करने की बात कही थी। वहीं मेल में बदला लेने की धमकी दी गई थी। गैंगस्टर ने कहा था कि कारोबारियों के परिवार से एक आदमी कम करेंगे। मेल को लेकर रायपुर एसएसपी ने जांच कराने की बात कही थी।

घटना का कारण नहीं ज्ञात, पुलिस कर रही जांच

# सक्ती के अस्पताल में जिंदा जला युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती के वार्ड में एक युवक जिंदा जल गया। आसपास के लोगों समेत स्टाफ को जब तक इस घटना की जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच पड़ताल कर रही है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के 50 बिस्तर वाले शिशु मातृ अस्पताल के जनरल वार्ड से लगे आइसोलेशन वार्ड में सुबह करीब 11 बजे धुआं उठते दिखा।

इस पर पास के मरीज और स्टाफ के लोग दौड़ते भागते पहुंचे। बताया जाता है कि उस वार्ड में कोई नहीं था, दरवाजा भीतर से बंद था, किसी प्रकार दरवाजा खोलकर भीतर पहुंचे तो वहां एक युवक बुरी तरह से जल चुका था और उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। स्टाफ के लोगों ने प्रबंधन को इसकी जानकारी दी और तत्काल इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सक्ती पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कुछ देर में प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और ▶▶|शेष पेज 8 पर

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए साहित्य साधक

- मुख्यमंत्री साय, सांसद अग्रवाल, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित कई नेता-अधिकारी हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र एवं प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजधानी रायपुर के मारवाड़ी मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनका पार्थिव शरीर को उनके निज निवास स्थान से तिरंगा में लपेटकर सम्मानपूर्वक मुक्तिधाम तक लाया गया, जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें भावपूर्ण रूप से अंतिम विदाई दी गई। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक ▶▶|शेष पेज 8 पर





### ये भी शामिल हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में

दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा एवं अंत्येष्टी कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने दिया अर्थी को कंधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी साहित्यकार विनोद शुक्ल के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पहले दिवंगत शुक्ल के निवास स्थान पहुंचे, जहां उनके पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि के बाद मुख्यमंत्री दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत शुक्ल की अर्थी को कंधा भी दिया।

*केंद्र सरकार का बड़ा फैसला*

# अरावली में नए खनन पट्टे पर बैन, पूरा क्षेत्र होगा संरक्षित

**नई दिल्ली।** अरावली पहाड़ियों को लेकर केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया। केंद्र ने राज्यों को अरावली में नए खनन पट्टे देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि वह अरावली की पहाड़ियों के संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। जैव विविधता के संरक्षण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देती है। अरावली रेंज दिल्ली से गुजरात तक फैली हुई है, जिसको लेकर पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था।



### बैन लगाने क्षेत्र की होगी पहचान

इसके अलावा, मंत्रालय ने इंडियन काउंसिल ऑफ फॉरेस्ट्री रिसर्च एंड एजुकेशन को पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे और इलाकों/जोन की पहचान करने का निर्देश दिया है, जहां खनन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# कैट में दिल्ली का दबदबा, 12 ने हासिल किया 100 पर्सेंटाइल

### कैट-2025 का रिजल्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोझिकोड ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में जो उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। वह आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। कैट 2025 के परिणाम में 12 उम्मीदवारों ने 100 पर्सेंटाइल का स्कोर किया है। 100 पर्सेंटाइल का स्कोर करने वाले सबसे अधिक 3 कैंडिडेट दिल्ली से हैं। कुल 26 कैंडिडेट्स ने 99.99 परसेंटाइल और 99.98 परसेंटाइल स्कोर ▶▶|शेष पेज 8 पर

### टॉप स्कोरर में पांच महिलाएं

कैट 2025 में 99.98 परसेंटाइल लेवल पर टॉप स्कोरर में पांच महिला कैंडिडेट हैं, जबकि 21 पुरुष कैंडिडेट हैं। यह 99.99 और 100 परसेंटाइल ब्रैकेट की तुलना में महिला रिप्रेजेंटेशन में थोड़ा सुधार दिखाता है। डेटा से पता चलता है कि इस लेवल पर भी जेंडर इम्बैलेंस वैसा ही है। जैसा टॉप परसेंटाइल स्कोर करने वालों में देखा गया है।

### टॉपर लिस्ट

- 1. विनायक अग्रवाल -99.99
- 2. सौम्यदीप मुखर्जी - 99.97
- 3. स्वास्तिक मुखर्जी- 99.96
- 4. अनमोल गुप्ता- 99.96
- 5. हर्ष खुदानिया- 99.93
- 6. आदित्य शाह- 99.92
- 7. विवेक उपाध्याय- 99.76
- 8. संकल्प राज- 99.68
- 9. काश्वी भाटिया- 99.53
- 10. कनव जैन- 99.5
- 11. रमनदीप खुडिया- 99.49
- 12. श्री तेज- 99.43
- 13. ऐशिकी 99.18
- 14. अदिति दिंडोरकर 99.04

## 'बाहुबली' ने 6,100 किलोग्राम वजनी अमेरिकी उपग्रह को किया लांच

# सीधे अंतरिक्ष से मोबाइल को मिलेगा नेटवर्क

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

एक ऐतिहासिक मिशन के तहत इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान 'एलवीएम-3 एम6' ने एक अमेरिकी संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में बुधवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया, जिसे अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने देश के लिए तोहफा करार दिया। प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 एम6 'बाहुबली' ने 6,100 किलोग्राम वजनी 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। मिशन का उद्देश्य उपग्रह के जरिए सीधे मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।

### पीएम मोदी ने दी इसरो को बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम... एलवीएम 3-एम6 का सफल लॉन्च, जिसने भारतीय धरती से लॉन्च किए गए सबसे भारी सैटेलाइट को स्थापित किया।



### सबसे भारी पेलोड

इसरो ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा में भारतीय धरती से स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड है। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था।

### जानें क्या है ब्लूबर्ड मिशन

जिस ब्लूबर्ड सैटेलाइट को भारत के बाहुबली रॉकेट से स्पेस में भेजा गया है, उसे अमेरिका की एएसटी स्पेस मोबाइल कंपनी ने बनाया है। यह काफी उन्नत किस्म का सैटेलाइट है। यह स्पेस से डायरेक्ट ब्रॉडबैंड नेटवर्क या फिर मोबाइल फोन में नेटवर्क मुहैया कराएगा।



## चिंतन

# हवाई सुरक्षा की ओर देश के मजबूत कदम

भारत ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का सफल ट्रायल कर हवाई सुरक्षा की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसमें अपने ही देश के आरएफ सीकर, सॉलिड रॉकेट मोटर और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इससे वायुसेना और थलसेना को और मजबूती मिलेगी। आकाश मिसाइल की जो प्रणाली है वह बहुत हाईटेक है। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम ने हर तरह के हवाई खतरों के खिलाफ अपनी बेहतरीन सटीकता साबित की। यह लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई पर मौजूद टारगेट्स को दमदार ढंग से भेदने में सफल रहा। इसमें भविष्य के विकास की संभावनाएं बहुत हैं, जो रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाएंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का कहना है कि ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। भारत की हवाई और जमीनी सुरक्षा को मजबूत करने के नजरिए से विकसित की गई इस मिसाइल की रेंज, स्पीड और रिस्पॉन्स पॉवर पहले से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले किए गए थे, इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की आकाश मिसाइलों ने ही नाकाम किया था। अब यह एयर डिफेंस सिस्टम का यह आधुनिक वर्जन पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली है। बता दें कि भारत के पास कई उन्नत डिफेंस सिस्टम हैं जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। इनमें रूस से प्राप्त एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली भारत की सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस प्रणालियों में एक है, इसकी रेंज 400 किमी तक है। आकाश मिसाइल सिस्टम एक मध्यम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है, जिसकी रेंज 25-30 किमी है। एक और बराक-8 को भारत और इजराइल ने मिलकर विकसित किया है, जिसकी रेंज 70 किमी. तक है। वहीं, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम इसे पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी) और एडवांस एयर डिफेंस (एएडी) के रूप में जाना जाता है, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम है। स्पाइडर एयर डिफेंस सिस्टम भी एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसकी रेंज 15-20 किमी तक है। दूसरी तरफ, कुशा एयर डिफेंस सिस्टम एक स्वदेशी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जिसकी रेंज 500 किमी से अधिक है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अब आकाश-एनजी की सफलता से न केवल भारत की रक्षा तैयारियां और मजबूत होंगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा अनुसंधान को भी नई दिशा और गति मिलेगी।

जयंती पर विशेष

अशोक बजाज



# छत्तीसगढ़ में साकार होती अटल जी की कल्पना

राष्ट्रनायक, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वे अपनी अनेकानेक खूबियों के कारण देश व दुनिया के सर्वप्रिय एवं सर्वमान्य नेता के रूप में स्थापित हुये। सही मायने में उन्होंने देश के लिए जीवन जिया तथा अपने जीवन का हर पल देश को समर्पित किया। वे बहुत ही ओजस्वी वक्ता थे तथा अपनी भाषण शैली से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। संसद हो या जनसभा अपने प्रभावशाली भाषण से अमिट छाप छोड़ जाते थे। वे कुशल राजनेता के अलावा विद्वान कवि व साहित्यकार भी थे उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम, संवेदना और दर्शन की झलक मिलती है। जनभावनाओं को भांपने की उनके पास अद्भुत क्षमता थी। वे जनता के हृदय की धड़कन को बखूबी समझते थे। उनकी कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं होता था, वे जो कहते थे वही करते थे तथा जो करते थे वही कहते थे। उनकी इच्छा शक्ति बड़ी प्रबल थी तथा वादे के पक्के थे। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना उनकी प्रबल इच्छा शक्ति का ही परिणाम है। उन्होंने 1998 में सप्रेशाला रायपुर के मैदान में जनता के नब्ज को टटोल कर वादा किया था कि यदि आप लोकसभा की 11 में से 11 सीटो में भाजपा को जितायेंगे तो मैं आपको छत्तीसगढ़ राज्य दूंगा। हालांकि चुनाव में भाजपा को 11 में से 8 सीटें ही मिली लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार पुनः बनी तथा अटल जी पुनः प्रधानमंत्री बन गए। प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए पहले ही दिन से प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। मध्यप्रदेश राज्य पुर्निर्माण विधेयक 2000 को 25 जुलाई 2000 को लोकसभा में पेश किया गया। इसी दिन दो अन्य राज्यों उत्तराखंड एवं झारखंड राज्य के विधेयक भी पेश हुए। 31 जुलाई 2000 को लोकसभा में और 9 अगस्त को राज्य सभा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। 25 अगस्त को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो गए। तत्पश्चात 4 सिंतबर 2000 को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन के बाद 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ देश के 26 वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया। इस प्रकार अटलजी की एक अटल-प्रतिज्ञा पूरी हुई।

वास्तव में राज्य का गठन करना कोई हंसी खेल तो था नहीं। कई वर्षों से लोग आवाज उठा रहे थे। इसके लिए लोग अनेक तरह से आंदोलन भी करते रहे लेकिन राज्य का निर्माण नहीं हो पाया था। यह तो अटलजी की दृढ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि बिना खूनखराबे के राज्य का निर्माण हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पहले हम मध्यप्रदेश में थे। मध्यप्रदेश का निर्माण सन 1956 में 1 नवम्बर को ही हुआ था। हम 1 नवम्बर 1956 से 31 अक्टूबर 2000 तक यानी 44 वर्षो तक मध्यप्रदेश के निवासी थे तब हमारी राजधानी भोपाल थी। इसके पूर्व वर्तमान छत्तीसगढ़ का हिस्सा सेन्ट्रल प्रोविंस एंड बरार (सी.पी.एंड बरार) में था तब हमारी राजधानी नागपुर हुआ करती थी। इस प्रकार हमें पहले सी.पी.एंड बरार, तत्पश्चात मध्यप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ के निवासी होने का गौरव प्राप्त हो रहा है। वर्तमान छत्तीसगढ़ में जिन लोगों का जन्म 1 नवम्बर 1956 को या इससे पूर्व हुआ है वे तीन राज्यों में रहने का सुख प्राप्त कर चुके हैं। परंतु छत्तीसगढ़ राज्य में रहने का अपना अलग ही सुख है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद माननीय अटलबिहारी वाजपेयी जी का सन 2001 में जब पहली बार छत्तीसगढ़ आगमन हुआ तब उनका छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता के रूप में जोशीला स्वागत हुआ था। वे छत्तीसगढ़ के लोगों को किए गये वादे को पूरा करके तथा अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करके आये थे। अतः राज्य की जनता पलक पावड़े बिछाकर उनका इंतजार कर रही थी। उस दिन छत्तीसगढ़-वासियों को उसी प्रकार के आनंद की अनुभूति हो रही थी जिस प्रकार नये राज्य की स्थापना के समय 1 नवम्बर 2000 को हो रही थी। तमाम स्वागत, अभिनंदन, उमंग और उत्साह के बावजूद एक टीस तो उन्हें थी, अपने अंदाज में उन्होंने जनसभा में व्यक्त भी कर दिया। उन्होंने उस समय कहा था कि छत्तीसगढ़ की धरती को प्रकृति की अपार कृपा है, यह धरती जल सम्पदा, वन सम्पदा एवं खनिज सम्पदा से परिपूर्ण है, यहां की जनता मेहनतकश है। परन्तु इस राज्य को विकास के शिखर तक ले जाने के लिए एक प्रामाणिक सरकार की कमी है। अटल जी के इस कथन का प्रभाव यह हुआ कि 2003 में जब नव गठित छत्तीसगढ़ विधानसभा का पहला चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला।

डॉ. रमन सिंह प्रथम निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री बने तथा लगातार 15 वर्षों तक भाजपा सरकार का नेतृत्व किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ का तीव्र गति से विकास हुआ। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का प्रयास हुआ। छत्तीसगढ़ अकाल व पलायन से मुक्त हुआ। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलने लगा। सरप्लस बिजली उत्पादन होने से किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिलने लगी, विद्युत पंपों के जाल बिछ गये। फलस्वरूप खेती लहलहाने लगी, उत्पादन दुगुना हो गया। शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। कुपोषण व अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष तेज हुआ। सभी गांव बारामासी सड़कों से जुड़ गये। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ में विकास की बयार बहने लगी। गांवों, कस्बों एवं शहरों की तकदीर व तस्वीर बदल गई। वर्तमान में अत्यंत ही सरल, सहज व सुशासन के प्रतीक श्री विष्णुदेव साय के हाथ में प्रदेश की बागडोर है, जो विगत दो वर्षों से "मोदी की गारंटी" के तहत प्रदेश की खुशहाली के साथ साथ विकास की नई गाथा गढ़ रहें हैं। केंद्र से बेहतर तालमेल बनाकर बस्तर को तेजी से माओवादियों के आतंक से मुक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्देश एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में चल रहे नक्सली उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। शांति व विकास के मार्ग की सभी बाधाओं को लांघ कर बस्तर सहित समूचा छत्तीसगढ़ इन दिनों तेजी से उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है।

# सदैव-अटल



जन्मदिवस विशेष

शिवप्रकाश

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी का यह शताब्दी वर्ष है। 25 दिसंबर 1924 को उनका जन्म ग्वालियर मध्य प्रदेश में माता श्रीमती कृष्णा देवी एवं पिता श्री कृष्ण बिहारी वाजपेयी के परिवार में हुआ था। 16 अगस्त 2018 को वह अपनी इहलीला पूर्ण कर स्वर्गवासी हो गए। अपनी आयु के 94 वर्ष की इस कालावधि में जिया गया उद्देश्यपूर्ण जीवन आज भी समस्त देश के लिए अनुकरणीय है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन मेधावी छात्र, प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता सेनानी, संवेदनशील पत्रकार, भाषा स्वाभिमानी, निर्भीक एवं कुशल प्रशासक, राष्ट्रीय अखंडता एवं संस्कृति के अनन्य पुजारी जैसे गुणों का समुच्चय था। अपने इन्हीं गुणों के कारण वे केवल अपने प्रशंसकों में ही नहीं, वरन अपने विरोधियो के दिलों पर भी राज करते थे। उनके गुणों से प्रभावित होकर रूस के राष्ट्रपति श्री ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि "वह एक उत्कृष्ट राजनेता थे। उनका नाम भारतीय राजनीति में एक पूरे युग के साथ जुड़ा हुआ है।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्र की अखंडता एवं एकात्मता के लिए समर्पित था। भारत के साथ कश्मीर विलय को लेकर वह प्रारंभ से ही डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ ही जुड़ गए थे। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का यह संदेश कि "बिना परमिट मै कश्मीर में प्रवेश कर गया हूँ यह संदेश संपूर्ण देश में भिजवा दो", इसके साथ वह जीवन पर्यंत भावनात्मक रूप से जुड़े रहे। कश्मीर विषय पर सत्ता के बाहर रहते समय संघर्ष एवं प्रधानमंत्री बनने के बाद समाधान यह उनके जीवन का लक्ष्य रहा। उनका प्रसिद्ध वाक्य "पाकिस्तान कश्मीर के बिना अधूरा है तो भारत पाकिस्तान के बिना अधूरा है।" सदैव उनकी भारत के प्रति भक्ति एवं अखंडता के भाव को प्रकट करता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की कश्मीर एवं हिंदु शरणार्थी विषय पर लचर एवं अदूरदर्शी नीतिका उन्होंने सदैव विरोध किया। संसद से सड़क तक उन्होंने चीनी साम्राज्यवादी नीति का विरोध किया। तिब्बत का चीन के कब्जे में जाना भारत की उत्तरी सीमा का असुरक्षित होना होगा, यह उनका दृढ विचार था। 1959 में संसद में कहा उनका प्रसिद्ध वाक्य "तिब्बत की आजादी की लाश पर हम चीन के साथ अपनी दोस्ती का महल नहीं खड़ा कर सकते।" गोवा एवं दमन-दीव में 1961 की सैन्य कार्यवाही का समर्थन करते हुए अटल जी ने कहा था कि "यह युद्ध नहीं, भारत की खोई हुई सांसों की वापसी है।" और "यह केवल भूभाग की वापसी नहीं है, यह भारत के आत्मसम्मान की पुनः स्थापना है।" वेरुवाडी पर बहस करते हुए उन्होंने संसद के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी थी कि "सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वह देश की भूमि को दान में दे, यह राष्ट्र की संपत्ति है किसी व्यक्ति या सरकार की जागीर नहीं।"



अटल जी ने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य, वीर अर्जुन और स्वदेश के माध्यम से पत्रकारिता क्षेत्र में प्रवेश किया था। उनकी स्पष्ट मान्यता थी कि "पत्रकारिता का अर्थ सिर्फ खबरें छापना नहीं है, बल्कि राष्ट्र को दिशा देना है।" समाचार पत्र समाज के लिए दर्पण के साथ-साथ दीपक समान होता है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रवादी पत्रकारिता के माध्यम से इसी लक्ष्य को साधने का प्रयास किया। आज के पत्रकारिता जगत में उनका यह विचार प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक है।

प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश के विकास में नए आयाम जोड़ने का कार्य किया। उनका शासन संवेदनशीलथा। आर्थिक विकास, ढांचागत विकास, सुरक्षा, शिक्षा एवं गरीबी दूर करने के लिए उनके प्रयास सराहनीय है। राजग के 24 दलों से बनी उनकी सरकार बेहतर संतुलन एवं समन्वय का अतुलनीय उदाहरण थी। बहुदलीय सरकार होने के बाद भी उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा एवं संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादाओं को उन्नत करने का कार्य किया। उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम को जोड़ने के लिए उनके द्वारा प्रारंभ की गई "स्वर्णिम चतुर्भुज योजना" तथा मुख्य मार्ग से गांव को जोड़ने वाली "प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना" भारत के आर्थिक विकास की आधार स्तंभ बनी है। उनका मानना था कि "सड़कें राष्ट्र की धमनियां है,अगर ये रुक गई, तो देश का विकास रुक जाएगा।" कनेक्टिविटी ही प्रगति की कुंजी है। निरक्षरता एवं निर्धनता का गहरा संबंध है अतः निरक्षरता को दूर करने के लिए उन्होंने महत्वाकांक्षी योजना "सर्व शिक्षा अभियान" तथा आर्थिक दबाव होने के बाद भी गरीबों को भुखमरी से उबारने के लिए "अंत्योदय अन्न योजना" उनकी ऐतिहासिक पहल थी। सूखे से राहत एवं समस्त जल के उपयोग के लिए "नदी जोड़ों परियोजना" जैसी पहल उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करती है। आज की संचार क्रांति श्री अटल जी की ही देन हैं। जिसको मोबाइल फ़ोन का लोकतांत्रिकरण कहा गया था। देश की प्रगति में विज्ञान द्वारा अन्वेषण के महत्त्व को प्रकट करते हुए उन्होंने जय जवान, जय किसान के साथ जय विज्ञान का उद्घोष किया।

11 एवं 13मई 1998 को भारत द्वारा पोखरण में परमाणु विस्फोट उनके अदम्य साहस, कुशल रणनीतिएवं दूरदर्शिता को प्रकट करता है। पोखरण विस्फोट के समय आवश्यक गोपनीयता के पालन, आर्थिक प्रतिबंधों से देश को उबारने की उनकी रणनीति, किसी भी दबाव के आगे न झुकते हुए भारत को वैश्विक पटल पर जिम्मेदार देश का स्थान दिलाना उनके राष्ट्रीय स्वाभिमानी भाव को दर्शाताहै। अपने को परमाणु शक्ति संपन्न बनाना एवं भारत के परमाणु शक्ति संपन्न होने पर विरोध करने वाले व्यवहार पर उनका वक्तव्य "परमाणु शक्ति से युक्त दुनिया के देशों को पंच महाभूत कहकर ललकारना" यह केवल अटल जी ही कर सकते थे।

भारत के हितों का संरक्षण करते हुए पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध, चीन के साथ संबंधों की पहल, अमेरिका सहित बड़े देशों के साथ अच्छे संबंध रखते हुए उन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को महत्त्व दिया। आतंक के संबंध में वैश्विक जागृति उनके प्रयास का ही परिणाम थी। शक्ति के साथ शांति उनकी विदेश नीति का आधार थी, इसी कारण शांति के लिए वह स्वयं बस लेकर लाहौरभी गए थे। मुशर्रफ़ के द्वारा युद्ध थोपने पर उनके नेतृत्व में कारगिल में हमारी सेनाओं ने मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। वह शांति प्रणेता भी थे एवं युद्ध विजेता भी थे।

राष्ट्र प्रथम व्यवहार के वह जीवंत प्रतीक थे। विपक्षी नेता होने के बाद भी राष्ट्र की आवश्यकता पर वह समस्त मतभेद भुलाकर सदैव देश के साथ खड़े रहे। बांग्लादेश युद्ध के अवसर पर प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी का समर्थन किया एवं 1994 में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री नरसिम्हा राव के आग्रह परप्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर कश्मीर मुददे पर भारत को सफलता दिलाई,आर्थिक नीतियों पर प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर का सहयोग उनका आदर्श लोकतांत्रिक विपक्ष के नेता का व्यवहार था। जो आज भी सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए अनुकरणीय है।

प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय स्वाभिमान से ओतप्रोत, आदर्श नेता थे। संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा में भाषण उनकीस्वभाषा के प्रति प्रेम को प्रकट करता है। समस्त महापुरुषों के प्रति सम्मान, भारतीय संस्कृति का आचरण एवं भारतीय वेश के प्रति स्वाभिमान उनके जीवन की विशेषता थी। सभी स्तर की शिक्षा अपनी मातृभाषा में हो,इस पर उनका सदैव आग्रह रहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से जिसको अब वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण किया जा रहा है। पोखरण परमाणु विस्फोट के उपरांत प्रतिबंध लगने पर अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बिल क्लिंटन को लिखे पत्र में उन्होंने लिखा था कि "भारत अपनी सुरक्षा के लिए किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।" यह स्वाभिमानी भारत का अमेरिका के लिए संदेश था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रख्यात कवि थे। राष्ट्र की अखंडता, स्वतंत्रता , लोकतंत्र एवं उनके निस्पृही स्वभाव को प्रकट करने वाली कविताओं की रचना उन्होंने की। अपनी भाषण शैली के लिए तो वह प्रसिद्ध ही थे। अपने विरोधियो से लेकर सामान्य जनता तक को वह अपनी वक्तव्य कला से मंत्रमुग्ध कर लेते थे।

सदैव भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वह समर्पित रहे। लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने अस्वस्थ होते हुए भी कष्टकारी आपातकाल को कारावास में बिताया। अनैतिक माध्यमों को न स्वीकार करते हुए उन्होंने अपनी सरकार को खोना पसंद कियायह आदर्श आचरण उनकी लोकतान्त्रिक प्रतिबद्धता को प्रकट करता है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना संपूर्ण जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित किया। उनके लिए "भारत भूमि का टुकड़ा नहीं, यह जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कण-कण पवित्र शंकर सा, नदियां गंगा समान हैं, यह वंदन एवं अभिनंदन की भूमि है। हम जिएंगे भी राष्ट्र के लिए एवं मरेंगे भी राष्ट्र के लिए।" उनके मन के यह भाव आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरणा प्रदान करते हैं। उनकी जन्मशताब्दी के अवसर पर हम सभी भारत को समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित भारत बनाने का संकल्प लें। यही स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

***- लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।***

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित

दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## क्रिसमस




क्रिसमस त्योहार की पूर्व संध्या पर, ओडिशा के पुरी में बुधवार को रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई गई सांता क्लॉज़ की रेत की मूर्ति।

## आज की पाती

### जागरूक ग्राहक बनें

24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में वर्ष 2000 से हर वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और जागरूक करना भी है। वर्ष 1986 के 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में संशोधन भी किया गया। हमारे देश में सरकारें लोगों को बाजारी धोखाधड़ी से बचने के लिए कायदे कानून और इसके प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रयास करती हैं। लेकिन सरकारों के यह प्रयास निरर्थक हैं जब तक लोग इसके प्रति गंभीर नहीं होते। बिना बिल के तो कोई सामान लेना ही नहीं चाहिए। सचेत रहना जरूरी है। *-धनुष कुमार साहू, रायपुर*

# भारतीय राजनीति के नक्षत्र अटल जी

'हम टूट सकते हैं, झुक नहीं सकते' अटल बिहारी वाजपेयी जी पर यह उक्ति सटीक बैठती है जब आपातकाल (इमरजेन्सी) के दौरान उन्होंने अपने गम्भीर पीट दर्द के चलते चिकित्सीकीय लाभ और जेल से रिहा होने के लिए इंदिरा जी के संदेश को स्वीकार नहीं किया था। आपातकाल के अनेक प्रसंग त्रासदायी है उसमें भी अटल जी ने अपनी रचनाधर्मी सोच को लोकत्रांत्रिक कलेवर देकर सबको झझकोरा और आशावादी अंतर्धारा को प्रवाहित कर इस उक्ति को राष्ट्रीय धरातल पर चरितार्थ किया। तभी परिवर्तन दुनिया के सामने एक नई राजनीतिक संस्कृतिक का उदय जनता पार्टी के रूप में सन 1977 में हुआ। मुख्य तौर पर अटल जी के दीर्घ संसदीय जीवन आज भी लोकतंत्र की आईना के रूप में है, जिसे वर्तमान से लेकर अतीत के राजनीतिक प्रतिबिम्बों को निहारने के साथ ही परखा जा सकता है। अनेक विषयों पर उनका भाषण कालजयी तो है ही सामाजिक जीवन में उम्मीदों का अध्याय भी है। बारहवीं लोकसभा में एक सदस्य के तौर पर यद्यपि मुझे 13 महीने ही कार्य करने का अवसर मिला, परंतु इतने ही कालखण्ड में उनकी संसदीय विधाओं के प्रयोग को मैंने नये आकार लेते हुए देखा। संसद में बहस के दौरान मनुष्य की अदम्य लालसा तथा राजनैतिक महत्वाकांक्षा पर उनके व्यंग्य वाक्य आज भी राजनीतिक कोहरे में इन्द्रधनुष के लकीर की तरह है, जहाँ भारतीयता की पहचान अपनी चमक अलग दिखाई देती है। आज से दशक पहले ही अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक साक्षात्कार में स्वराज और धर्मनिरपेक्षता पर बेवाक विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि स्वदेशी और विदेशी में फर्क काफी संकरा हो गया है। इण्डिया और भारत में अन्तर को भी पाटना इसी पृष्ठभूमि में आज की जरूरत है। भारतीय बने रहने के प्रति अधिक सचेत हो सकते हैं। उनके धुर विरोधी भी स्वीकारते हैं कि अटल जी इस कालखण्ड के सबसे समावेशी राष्ट्रवादी नेता है, जिन्होंने भारतीय अस्मिता को जाग्रत करने के लिए वैश्विक मंच का उपयोग किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में भाषण देने का प्रथम राजनेता होने का गौरव हासिल किया। आर्थिक सुधारों के लिए भी अटल जी ने जो राजनैतिक दर्शन और अपना आधार बनाया वह था 'सर्वानुमिति का मंत्र' जैसे आज भारत के शीर्ष राजनैतिक नेतृत्व ने भी सबका विकास, सबका साथ'को मूलमंत्र की मान्यता दी है।



अटल जी जन-जन से प्रेम करने वाले जननायक हैं। वे एक अप्रतिम वक्ता, संवेदनशील कवि और विचारवान लेखक के साथ भारत के महान नेता है। उनका समग्र व्यक्तित्व अभ्यर्थना और अवमानना के मोह पाश से मुक्त है। वे काव्य व्यक्तित्व के छंद बन गये हैं जिसमें उत्साह का प्रवाह निरंतर होता रहता है। हम यह कह सकते हैं कि अपनी स्वच्छ एवं निष्ठा प्रधान विचारधारा के कारण वे उपमेय से उपमान बन गये हैं। आकाश के सप्तर्षि मण्डल को हम आप देखते ही होंगे वह एक नक्षत्र की परिकमा किया करता है। अटल जी मेरी दृष्टि में भारतीय राजनैतिक गगन के नक्षत्र बन गये हैं।

गुंज उठी गीता की वाणी, मंगलमय जन-जन कल्याणी।
अपढ़ अजान विश्व ने पाई, शीश झुकाकर एक धरोहर।।

*-चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता हैं।*

## करंट अफेयर

# रूस समर्थक हैकर का फ्रांस की डाक सेवा पर साइबर हमला

रूस समर्थक एक हैकर समूह ने क्रिसमस से कुछ दिन पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा की पार्सल डिलीवरी ठप करने वाले बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। अभियोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एसोसिएटेड प्रेस को जारी बयान में बताया कि साइबर अपराध समूह 'नोनेम057' की ओर से हमले का दावा किए जाने के बाद फ्रांस की खुफिया एजेंसी डीजीएसआई (डीजीएसआई) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। इस समूह पर यूरोप में अन्य साइबर हमलों का भी आरोप है जिनमें नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान और फ्रांसीसी सरकारी वेबसाइटों पर किए गए हमले शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में यह समूह एक बड़े यूरोपीय पुलिस अभियान का भी निशाना बना था। कंपनी ने कहा कि फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा 'ला पोस्ट' के केंद्रीय कंप्यूटर सिस्टम सोमवार को साइबर हमले में ठप हो गए थे, जिन्हें बुधवार सुबह तक पूरी तरह बहाल नहीं किया जा सका। हमले के कारण डाककर्मी पार्सल डिलीवरी को ट्रैक नहीं कर पा रहे थे और कंपनी की बैंकिंग शाखा में ऑनलाइन भुगतान सेवाएं भी बाधित रहीं। यह 'ला पोस्ट' के लिए साल के सबसे व्यस्त मौसम में बड़ा झटका था।

## ऑफ बीट

# वैज्ञानिक ने समझाया क्रिसमस पुडिंग की मिठास का विज्ञान

क्रिसमस हर किसी के लिए अलग-अलग मायनों में खास होता है। मेरे लिए यह वह समय है जब मैं साल भर न मिलने वाले खास व्यंजन खा सकता हूं जैसे कि ग्लेज्ड हैम और खासतौर पर पकाई गई क्रिसमस पुडिंग। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस पारंपरिक डेज़र्ट के पीछे कौन-सी रासायनिक प्रक्रियाएं काम करती हैं? क्रिसमस पुडिंग भाप में पकाई जाने वाली मिठाई है जिसमें सूखे मेवे, चीनी, आटा, वसा, मसाले, अंडे और अल्कोहल होता है। इसे आमतौर पर पहले से बनाकर रखा जाता है और फिर परोसने से पहले दोबारा भाप में गर्म किया जाता है। आधुनिक पुडिंग में किशमिश, करंट, सुल्ताना जैसे सूखे अंगूर और ग्लेज़्ड चेरी व साइट्रस पील जैसे कैन्डी फ्रूट का उपयोग किया जाता है। सूखे फलों में ताजे फलों की तुलना में अलग स्वाद होते हैं। कई स्वाद यौगिक तो खो जाते हैं, लेकिन एंजाइमेटिक ब्राउनिंग, वसा अम्लों और प्राकृतिक रंगों के रासायनिक रूपांतरण से नए स्वाद बनते हैं। कैन्डी फ्रूट को चीनी की चाशनी में गर्म किया जाता है जिससे उसमें मौजूद पानी चीनी से बदल जाता है और वह एक मीठा लेकिन कम रंगीन फल बन जाता है। यह मीठा वातावरण सूक्ष्मजीवों के लिए प्रतिकूल होता है।




अटल परिसर
छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारतरत्न
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी
की स्मृतियों को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल
अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर
मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी एवं
मा. उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी फुंडहर चौक, रायपुर से एवं
स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने निकायों में देवतुल्य जनता के साथ करेंगे
अटल जी की 115 प्रतिमाओं का अनावरण एवं
अटल परिसर
का
लोकार्पण
दिनांक - 25 दिसंबर 2025, गुरुवार
समय - प्रातः 12:30बजे से
स्थान - फुंडहर खेल मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
राज्य निर्माता अटल जी की कुल 60 प्रतिमाओं एवं
अटल परिसर का पूर्व में हो चुका है लोकार्पण।
विकास • सुशासन • जनकल्याण
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ (छ.ग.)



किसी गंभीर दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार हमारी स्पाइन विकारग्रस्त हो जाती है। इसके ट्रीटमेंट में वेसलप्लास्टी तकनीक काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसकी विशेषताओं के बारे में एक्सपर्ट डॉ. यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## स्पाइन की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाए वेसलप्लास्टी


ट्रीटमेंट

डॉ. सुदीप जैन

डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया

नारायणा विहार, नई दिल्ली




रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से संबंधित कई समस्याओं के इलाज में वेसलप्लास्टी तकनीक, पीड़ितों के लिए नई उम्मीद की तरह विकसित हुई है। मौजूदा दौर में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति 'ओपन सर्जरी' से बचते हुए ऐसी सर्जरी कराने का इच्छुक रहता है, जिसमें कम से कम ऑपरेशन हो और जो सुरक्षित भी हो, इस कसौटी पर वेसलप्लास्टी खरी उतरती है।

**वेसलप्लास्टी की जरूरत:** तंत्रिका तंत्र का एक अभिन्न भाग रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) आपके शरीर को भी एक आकार प्रदान करती है, लेकिन कई बार दुर्घटनाओं या फिर बीमारियों के कारण जब यह विकारग्रस्त हो जाती है, तब कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं के संदर्भ में 'स्पाइनल कॉलम' और 'बर्टिब्रा' के बारे में जानना जरूरी है। गौरतलब है की रीढ़ की हड्डी की गर्दन से लेकर कमर के निचले भाग तक की पूरी संरचना को 'स्पाइनल कॉलम' कहा जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में अनेक कशेरूकाएं (वर्टिब्रा) होती हैं, जिन्हें 'वर्टिब्रल बोन' कहा जाता है, जिनसे रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) बनती है।



**संभव हैं ये दुष्प्रभाव:** सड़क दुर्घटनाओं के अलावा आघात या चोट लगने, ऊंचाई से गिरने, ऑस्टियोपोरोसिस (जरा-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूट जाना या फ्रैक्चर होना) की समस्याएं, हड्डियों से संबंधित टीबी (बोन टीबी), रीढ़ की हड्डी में पस पड़ जाना और बोन कैंसर आदि के कारण 'वर्टिब्रल बोन' क्षतिग्रस्त या विकारग्रस्त हो सकती हैं। आमतौर पर ऐसी समस्याएं तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इनमें ये समस्याएं शामिल हैं-

- शारीरिक संतुलन स्थापित करने में दिक्कत।
- किसी भी तरह की संवेदना का एहसास करने में परेशानी।
- कई मामलों में मल और यूरिन पर नियंत्रण स्थापित न कर पाना।
- पक्षाघात या लकवा होने का जोखिम।

**तकनीक की प्रक्रिया:** वेसलप्लास्टी तकनीक की प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज को 'लोकल एनेस्थीसिया' दिया जाता है और फिर इसके बाद उसके विकारग्रस्त या फ्रैक्चर्ड 'वर्टिब्रल बोन' के अंदर एक सूक्ष्म सुई डाली जाती है। इस सुई के आगे के भाग पर एक गुब्बारा (बैलून) लगा होता है। यह बैलून विकारग्रस्त 'वर्टिब्रल बोन' की विकृतियों को समाप्त कर देता है। इस प्रक्रिया के बाद इस बैलून में 'बोन सीमेंट' को भरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'वर्टिब्रल बोन' के विकारों (डिफेक्ट्स) को दूर किया जाता है। बोन सीमेंट लगभग 15 मिनट के बाद वर्टिब्रल बोन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। गौरतलब है कि बोन सीमेंट का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

**वेसलप्लास्टी की विशेषताएं:** यह तकनीक अपनी कुछ विशेषताओं के कारण अपनाई जा रही है।


- इस तकनीक को अपनाने से मरीज की ओपन सर्जरी करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक छोटे से चीरे से इस तकनीक की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है।
- संक्रमण का खतरा कम रहता है।
- कम से कम रक्तस्राव होता है।
- मरीज अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है।
- रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वेसलप्लास्टी के अलावा जो अन्य सर्जिकल प्रोसीजर अपनाएं जाते हैं, उनमें मरीज के विकारग्रस्त वर्टिब्रल बोन में इंप्लांट्स डालने की जरूरत पड़ती है, लेकिन वेसलप्लास्टी में इंप्लांट्स डालने की जरूरत नहीं होती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

आमतौर पर लोग अपनी फिजिकल हेल्थ पर तो ध्यान देते हैं लेकिन ब्रेन हेल्थ को इग्नोर करते हैं। जबकि ब्रेन हेल्थ हमारी पूरी मेंटल हेल्थ को कंट्रोल करता है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि ब्रेन हेल्थ के लिए किन बैड हैबिट्स को छोड़ना और किन गुड हैबिट्स को अपनाना चाहिए। इस बारे में हम दे रहे हैं आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

## आपका ब्रेन हेल्थ रहेगा परफेक्ट लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव






हेल्थ सजेशन

डॉ. मोनिका शर्मा



आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारे ब्रेन हेल्थ को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा, मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसी ही कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगा ब्रेन हेल्थ।

### शारीरिक सक्रियता

फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का नेचुरल मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी पैदा करने वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी होती हैं।

### संतुलित आहार

हमारे यहां तो कहा ही गया है कि 'जैसा खावें अन्न, वैसा हो मन।' हर आयुवर्ग के लोगों पर यह बात लागू होती है। समझना जरूरी है कि मन से ही मस्तिष्क भी जुड़ा है। ऐसे में हमारा भोजन शरीर ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। फलों-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार तो भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना गया है। ऐसी सुपाच्य चीजें बॉडी को भी सही पोषण देती हैं। वहीं खराब फूड हैबिट्स दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन किसी काम पर फोकस ना कर पाना, सुस्ती, घबराहट और चिड़चिड़ेपन जैसी भावनाओं को बढ़ाता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड और शुगर युक्त ड्रिंक्स के सेवन से अवसाद और चिंता का जोखिम भी बढ़ता है। पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करने वाले लोगों में अवसाद विकसित होने की संभावना 51 प्रतिशत ज्यादा होती है। असल में प्रोसेस्ड फूड्स में शामिल शुगर और नमक की अधिक क्वांटिटी वाले फूड प्रोडक्ट्स बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इससे ना केवल इन्हें रेगुलर खाने की लत लग जाती है बल्कि ऐसे फूड प्रोडक्ट्स बॉडी में हार्मोनल और न्यूरो बायोलॉजिकल बदलाव का भी कारण बन सकते हैं। मौजूदा जीवनशैली में अत्यधिक नमक का सेवन याददाश्त और इंटेलिजेंस को कमजोर करने का अहम कारण माना जा रहा है। इसीलिए फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं



दिमाग की सेहत दुरुस्त रखने के लिए भी हेल्दी फूड्स का सेवन करना आवश्यक है।

### कुदरत से नजदीकी

आज के दौर में तकनीकी उपकरणों संग सीमित दायरे में बीत रहा समय हमें प्रकृति से दूर कर रहा है। प्रकृति के संपर्क में कमी को 'स्नेचर डेफिसिट डिसऑर्डर' कहा जाता है। यह डिसऑर्डर शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत बिगाड़ने वाला भी है। समझना जरूरी है कि हरे-भरे परिवेश में सैर, योग या जॉगिंग करना शरीर को ही नहीं दिमाग को भी दुरुस्त रखता है। देखने में आता है कि अब फिजिकल एक्टिविटीज भी इंडोर ही की जाती हैं। घर-दफ्तर तो प्राकृतिक जुड़ाव से दूर हैं ही। ऐसे में इरादतन नेचर के करीब रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक सप्ताह में कम से कम दो घंटे प्रकृति के करीब बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर हो सकते हैं। हरे-भरे वातावरण में रहने से कोग्निटिव हेल्थ सुधरती है। रचनात्मक सोच बढ़ती है। मन प्रसन्न रहता है। मस्तिष्क ठहराव और सुकून महसूस करता है। ऐसी सभी बातें दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ रखती हैं।



### नींद और आराम भी जरूरी

किसी भी काम, भागदौड़ या बिजी रुटीन के बाद शरीर की थकान कम करने के लिए अच्छी नींद लेने को कहा जाता है। हम सब समझते हैं कि यह फिजिकल थकान आराम करने से ही जाएगी। लेकिन यही बात दिमाग की थकान को लेकर नहीं सोची जाती। घंटों काम करने के बाद भी मन-मस्तिष्क को आराम नहीं दिया जाता। जबकि अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मूड को बेहतर करने के लिए ही नहीं डिसट्रेक्शन घटाने के लिए भी पर्याप्त नींद लेनी ही चाहिए। स्पष्ट देखा जा सकता है कि आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में नींद की कमी भी अवसाद, चिंता और दूसरी मानसिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं ठीक से नींद ना लेना, स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। शुरुआत में सही रुटीन बनाने और अच्छी नींद लेने की अहमियत नहीं समझी जाती और बाद में इंसान बाकायदा अनिद्रा की समस्या के घेरे में आ जाता है। गौरतलब है कि अवसाद के शिकार 90 प्रतिशत तक लोग अनिद्रा यानि इनसोमनिया की शिकायत करते हैं। असल में नींद की कमी से कोर्टिसॉल हार्मोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में समय पर सोने-जागने की दिनचर्या ना केवल तनाव और बेचैनी बढ़ाने वाले कोर्टिसॉल हार्मोन को नियंत्रित रखती है, बल्कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करती है। *







डाइट एडवाइस / राजकुमार 'दिनकर'


## इनका करें नियमित सेवन इस मौसम में रहेंगे हेल्दी

सर्दी का मौसम अपने साथ बहुत सी समस्याएं लेकर आता है। वायरल इंफेक्शन, धीमी पाचन क्रिया, सर्दी-जुकाम, खांसी, रूखी त्वचा, धूप कम होने से लगातार ठंड लगना, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, हृदय रोगियों के लिए कई तरह के खतरे, लगातार ठंड के कारण मनोदशा में उतार-चढ़ाव। सर्दी के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति प्रदत्त अनेक खाने की चीजें फल, हरी सब्जियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ खाएं।

**मौसमी फल:** सर्दी के मौसम में अमरूद, कीवी, सेब, अनार, केला, संतरे, मौसंबी, पपीता और भी कई तरह के रसीले फल जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, इनका खूब सेवन करना चाहिए। ये हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और शरीर को बाहरी संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।




**साबूत अनाज:** मोटे और साबुत अनाजों को खाने और पचाने के लिए सर्दी का मौसम सबसे उपयुक्त होता है। ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, सोयाबीन, जई, जैसे पारंपरिक भारतीय अनाज को हम रोटी के रूप में या इनके खिचड़ी, दलिया, बनाकर उन्हें मेवों के साथ भी खा सकते हैं। ये अनाज हमारे शरीर को गर्मी देने के साथ-साथ पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और ऊर्जा स्तर में भी सुधार करते हैं।

**गर्म पेय पदार्थ:** अदरक, लहसुन, कालीमिर्च, दालचीनी, हल्दी, अजवाइन और तुलसी ये सभी पारंपरिक जड़ी बूटियां और मसाले, सर्दी के मौसम में हमें विशेष तौर पर ठंड से बचाते हैं। ठंड लगने पर तुलसी, सौंफ और दूसरे मसालों से बनी चाय हमें राहत दिलाती है, पाचनक्रिया में सुधार करती है। वायरल संक्रमण से बचाकर हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हल्दी वाला दूध, सब्जियों के सूप, शोरबा, गर्म पानी और काढ़ा, शरीर को ठंड से बचाते हैं। सर्दी के इस मौसम में गाजर, टमाटर, मिक्स सब्जियों का सूप भी हमें कब्ज से निजात दिलाकर पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** सर्दी के मौसम में मौसमी सब्जियां, भरपूर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। शकरकंद, पालक, मेथी, सरसों, बथुआ, मूली, चुकंदर, शलजम, गाजर, सोया साग, गांठ गोभी, जैसी सब्जियां प्राकृतिक रूप से खनिज लवणों से भरपूर होती हैं। गर्म तासीर वाली इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन के और महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर शरीर में आयरन की कमी पूरा करते हैं। *




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



विश्वास गौरव निर्माण

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता
श्रद्धेय
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की जयंती के उपलक्ष्य में
मनाए जाने वाले

सुशासन दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

सामाजिक-सांस्कृतिक स्थलों के रूप में
115 शहरों में अटल परिसर
का लोकार्पण

400 से अधिक
प्रशासनिक सुधार से
निवेश की राह आसान

6,090 पंचायतों में
अटल पंचायत
डिजिटल सुविधा केंद्र

पारदर्शिता लाने
सुशासन एवं अभिसरण विभाग
का गठन



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सुशासन के मंत्र से
संवर रहा छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

*महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी पार्टियां बीएमसी चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में आ गई हैं। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने बीएमसी समेत महाराष्ट्र के कुल 29 नगर निगम चुनावों के लिए हाथ मिला लिया है। ठाकरे बंधु (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) मुंबई में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों दलों के बीच गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया।*

**20 साल बाद फिर 'एक' हुए ठाकरे ब्रदर्स**

# 'हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने के लिए साथ आए हैं'

एजेंसी ▸▸| मुंबई

उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र का नेतृत्व केवल ठाकरे ही कर सकते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि हमें 107 लोगों की शहादत के बाद महाराष्ट्र मिला। जो लोग पहले महाराष्ट्र चाहते थे, वही लोग अब नए प्रयास शुरू कर रहे हैं। हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने आए हैं। हम एकसाथ रहने के लिए साथ आए हैं। हमारी सोच एक है। इससे पहले, ठाकरे ब्रदर्स मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंचे. उद्धव के साथ उनके पुत्र आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे के साथ उनके पुत्र अमित ठाकरे भी थे। ठाकरे परिवार एक साथ शिवाजी पार्क पहुंचा था।

**इधर, कांग्रेस बोली- हम एमवीए के साथ, एमएनएस नामंजूर**

**उद्धव-राज बोले- दिल्ली में बैठे लोग मुंबई को तोड़ रहे**



**महायुति पूरी तरह छूटी :** शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने ठाकरे ब्रदर्स के राजनीति के लिए साथ आने पर उठ रहे सवाल खारिज करते हुए कहा कि राजनीति हमारे लिए सेवा का माध्यम है। ये महायुति पूरी झूठी है। संजय राउत ने कहा कि यह बहुत बड़ा दिन है। बालासाहब ठाकरे का पूरा परिवार एकसाथ आ रहा है। इसका बहुत बड़ा फायदा हमें बीएमसी और अन्य नगर निगम के चुनावों में मिलेगा। ठाकरे ब्रदर्स 20 साल बाद साथ आए हैं। दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है।

### हमें मनसे का साथ मंजूर नहीं : कांग्रेस

उद्धव-राज के साथ आने पर कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बुधवार को साफ कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। वडेट्टीवार ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने के फैसले से खुशी जताते हुए कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हम उन्हें बधाई देते हैं और सफलता की कामना करते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस कभी मनसे के साथ जाने की पक्षधर नहीं रही है। हमारी नीति पहले भी शिवसेना और शरद पवार के साथ थी और आज भी वही है।

### अपना अस्तित्व बचाने साथ आए : फडनवीस



शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के गठबंधन को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'हाइप तो ऐसे क्रिएट की जा रही है जैसे मानो रूस और यूक्रेन साथ में आ गए हों, जेलेंस्की और पुतिन बात कर रहे हों, ऐसी पार्टियां जो अपना अस्तित्व खोज रही हैं जिन्होंने अपना अस्तित्व खो दिया है जिन्होंने बार-बार भूमिकाएं बदलकर अपने बारे में अविश्वास पैदा किया है ऐसी दो पार्टियों के साथ में आने से कौन सा फर्क पड़ने वाला है।'फड़नवीस ने कहा कि ये दोनों दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए साथ में आए हैं।

---

*अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की रिपोर्ट में दी गई चेतावनी*

# अरुणाचल पर हमला कर सकता है चीन अपने 'कोर इंटरेस्ट' में किया है शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ताइवान के साथ साथ भारत के अरुणाचल प्रदेश को भी चीन ने अपने तथाकथित 'कोर इंटरेस्ट' में शामिल कर लिया है। इस रिपोर्ट ने एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन संबंधों में छिपे रणनीतिक तनाव को वैश्विक मंच पर ला दिया है। एक्सपर्ट इसे सिर्फ सीमा विवाद नहीं, बल्कि बीजिंग की दीर्घकालिक भू-राजनीतिक योजना के हिस्से के तौर पर देख रहे हैं। पेंटागन के मुताबिक, चीन वर्ष 2049 तक 'राष्ट्रीय पुनरुत्थान' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय दावों को किसी भी कीमत पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस रणनीति के तहत ताइवान, दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा को आपस में जुड़े हुए मोर्चों के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि पिछले दिनों चीन ने भारत के साथ एलएसी पर तनाव में जो कमी की है, वो असल में उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है।

**इस रिपोर्ट से बढ़ेगा भारत-चीन संबंधों में छिपा रणनीतिक तनाव**

**चीन का तनाव कम करना भी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा**



### चीन की बुनियादी सोच में कोई बदलाव नहीं : एक्सपर्ट

डिफेंस एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'पेंटागन की रिपोर्ट एक बार फिस से साबित करता है कि भारत को लेकर चीन की बुनियादी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है, बल्कि चीन भविष्य में अरुणाचल प्रदेश की लड़ाई की तैयारी कर रहा है।' सोढ़ी ने इस बात को लेकर हैरानी जताई कि आखिर भारत में इस पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है।

**यह चाहता है चीन**

पेंटागन की आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि 'बीजिंग एलएसी पर स्थिति को नियंत्रित कर नई दिल्ली को वॉशिंगटन के और करीब जाने से रोकना चाहता है।' डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि अरुणाचल प्रदेश सिर्फ भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि चीन के लिए इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है। लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) जेएस सोढ़ी का कहना है कि चीन 2030 के बाद अरुणाचल प्रदेश पर कब्जे के लिए हमला कर सकता है।

### अरुणाचल को भारत का बताने पर यूट्यूबर के साथ चीन में बदसलूकी



एक इंडियन ब्लॉगर ने हाल ही में यह दावा किया है कि उसे अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताने के लिए चीन में करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा गया। 'ऑन रोड इंडियन' नाम के चैनल से वीडियो शेयर करने वाले ब्लॉगर ने दावा किया कि चीन में इमिग्रेशन सेंटर पर उसके साथ बदसलूकी हुई। ट्रैवल ब्लॉगर ने एक वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई है। कथित तौर पर घटना बीते 16 नवंबर की है। वीडियो में उसने बताया कि , 'मैंने सिर्फ अरुणाचल प्रदेश पर स्टैंड लिया था। मैंने लिखा था कि अरुणाचल तो चीन का हिस्सा है।' इस बयान की वजह से उसके साथ घंटों तक पूछताछ हुई। उसे डिटेंशन प्वाइंट भेजा गया, 15 घंटे वह हिरासत में था।

---

*मृतक नेता के भाई ने लगाया बड़ा आरोप*

# चुनाव टालने युनुस सरकार ने करवाई हादी की हत्या

**ढाका।** भारत और शेख हसीना विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में उनके भाई शरीफ उमर हादी ने यूनुस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उमर हादी ने कहा कि सरकार के अंदर कुछ ताकतें ही उस्मान हादी की हत्या के पीछे है। वो आने वाले राष्ट्रीय चुनाव को पटरी से उतारना चाहते हैं। उमर ने यह आरोप शाहबाग में आयोजित इंकलाब मंच के 'शहीदी शपथ' कार्यक्रम में लगाए। उमर हादी ने यूनुस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'तुम्ही लोगों ने उस्मान हादी को मरवाया है। अब इस मुद्दे को इस्तेमाल करके चुनाव को रोकने की कोशिश कर रहे हो।' हादी को 12 दिसंबर को ढाका में गोली मार दी गई थी, जिसके बाद सिंगापुर में इलाज के दौरान 18 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले सियासी गहमागहमी तेज हो गई है।



### हत्यारों पर मुकदमा चलाया जाए

उमर ने बताया कि हादी चाहते थे कि फरवरी तक चुनाव हो जाए। हादी ने अधिकारियों से चुनावी माहौल को खराब न करने का आग्रह भी किया था। उमर ने आगे कहा, 'हत्यारों पर जल्द से जल्द मुकदमा चलाया जाना चाहिए, जिससे चुनावी माहौल प्रभावित न हो। सरकार ने अब तक हमें कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो एक दिन आपको भी बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ेगा। उमर हादी का दावा है कि उनका भाई किसी एजेंसी या विदेशी आकाओं के सामने नहीं झुका, इसलिए उसे मार दिया गया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती कमलेश शर्मा पति श्री जय भगवान शर्मा निवासी 101/ए/1 बी.टी. रोड, वारा नगर नार्थ 24 परगना (पश्चिम बंगाल) से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम भैसबोड़ प.ह.नं. 00028 रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 754/1 रकबा 0.4500 हे., खसरा नंबर 748 रकबा 0.4400 हे., खसरा नंबर 749 रकबा 0.4400 हे., खसरा नंबर 750 रकबा 0.4400 हे., खसरा नंबर 750 रकबा 0.4400 हे. खसरा नंबर 751 रकबा 0.4300 हे. खसरा नंबर 752 रकबा 0. 4300 हे. एवं खसरा नंबर 723/1 रकबा 0.3000 हे. को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधि कारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विकयपत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी।

अतः ताकीद जाने।

रायपुर
दिनांक 17.12.2025

सुधीर अग्रवाल अधिवक्ता
डी-172-173, सेक्टर-5,
देवेन्द्र नगर, रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सर्वश्री राजबीर आत्मज मुनीराम निवासी तालू (51) भिवानी तहसील वो जिला भिवानी हरियाणा एवं अमित कुमार आत्मज श्री सतीश कुमार निवासी ककाना बहादी (57) नायत सोनीपत गोहाना (हरियाणा) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम भैसबोड़ प.ह.नं. 00028 रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 767 रकबा 0.8500 हे. एवं खसरा नंबर 766 रकबा 0.5300 हे. को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विकयपत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने।

रायपुर
दिनांक 17.12.2025

सुधीर अग्रवाल अधिवक्ता
डी-172-173, सेक्टर-5,
देवेन्द्र नगर, रायपुर

# तुर्की में विमान क्रैश, लीबिया के मिलिट्री चीफ सहित 7 की मौत

एजेंसी ▸▸| इस्तांबुल

लीबिया के मिलिट्री चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद की एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई जब वह अपनी यात्रा के लिए तुर्की पहुंचे हुए थे। उनके साथ-साथ चार अन्य लीबियाई सैन्य अधिकारी और तीन क्रू मेंबर की भी मौत हुई है। प्लेन पर कुल 7 लोग सवार थे और उनमें से कोई जीवित नहीं बचा है। तुर्की की राजधानी अंकारा से उड़ान भरने के बाद यह प्लेन क्रैश हुआ। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि फाल्कन-50 विमान का मलबा अंकारा के पास हायमाना इलाके में मिला है। विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था।

### टेकऑफ करते ही आ गई थी तकनीकी खराबी, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा



### इनकी हुई मौत

हादसे में मरने वालों में लीबिया के थल सेना प्रमुख जनरल अल-फितूरी ग्रैबिल, ब्रिगेडियर जनरल महमूद अल-कतावी, चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मोहम्मद अल-असावी दियाब, सैन्य फोटोग्राफर मोहम्मद ओमर अहमद महजूब और 3 क्रू मेंबर शामिल हैं।

### यहां मिला मलबा

यह प्लेन फाल्कन 50 जेट था और इसका मलबा मध्य अंकारा से लगभग 40 मील दक्षिण पश्चिम में तुर्की के हेमाना जिले में पाया गया। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्लेन ने रात 8:30 बजे उड़ान भरी और 40 मिनट बाद उसका संपर्क टूट गया। येरलिकाया ने कहा कि सभी कम्यूनिकेशन बंद होने से पहले प्लेन ने हेमाना के पास एक इमरजेंसी लैंडिंग सिग्नल जारी किया था। स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर चलाए जा रहे एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में रात का आकाश अचानक किसी विस्फोट से जगमगाता दिख रहा है।

### हिंदू-मुस्लिम विवाद के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कांग्रेस के धर्मनिरपेक्षता के विचार और उसकी वोट बैंक की राजनीति के कारण देश अब भी समाज में 'हिंदू-मुस्लिम समस्याओं' का सामना कर रहा है। अंग्रेजी शब्द 'सेक्युलर' का हिंदी अर्थ 'सर्वधर्म भाव' या सभी के लिए न्याय, किसी का भी तुष्टिकरण नहीं है, न कि 'धर्मनिरपेक्ष' जैसा कि कांग्रेस ने 'अपनी सोच के आधार पर' इसका वर्णन किया है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सर्वश्री छत्रपाल सिंग आत्मज ओम प्रकाश मान एवं सूर्यामान आत्मज श्री ओम प्रकाश मान दोनों निवासी म. नं. 6 बजरंगबली नगर, रोहतक चौक भिवानी (हरियाणा) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का ग्राम भैसबोड़ प.ह.नं. 00028 रा.नि.मं. आनंदगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 770 रकबा 0.3900 हे., खसरा नंबर 771 रकबा 0.3500 हे., खसरा नंबर 768 रकबा 0.6400 हे., खसरा नंबर 783/1 रकबा 0.3700 हे., खसरा नंबर 783/2 रकबा 0.4100 हे खसरा नंबर 784 रकबा 0. 4800 हे., खसरा नंबर 758/1 रकबा 0.5800 हे., खसरा नंबर 757 रकबा 0.7800 हे. खसरा नंबर 756 रकबा 0.8200 हे.. खसरा नंबर 755 रकबा 0.7700 हे., खसरा नंबर 754/2 रकबा 1.2700 हे. एवं खसरा नंबर 769/1 रकबा 0.7300 हे. को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है। उक्त क्रय विक्रय में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, निगम, प्राधिकारण आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने म्याद विक्रयपत्र की लिखापढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी। अतः ताकीद जाने।

रायपुर
दिनांक 17.12.2025

सुधीर अग्रवाल अधिवक्ता
डी-172-173, सेक्टर-5,
देवेन्द्र नगर, रायपुर

**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)**
C-1 C-2, Power Companies campus, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574626 Website : www.cspdcl.co.ine-mail : cecivil.cspdcl@cspc.co.in

No. 04-03/ Civil-Distr/2312 Raipur, dtd 23-12-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriated class in CSPDCL. The unregistered contractor having work experience in Govt./Public sector undertaking /Local bodies/Power Distribution companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following works as mentioned below :-

| Tender Specification No. | Name of work | NIT Value |
|---|---|---|
| CEC/D/W/ 25-26/107 | Construction of RCC road with drain, RCC underground water storage tank, RCC underground oil storage tank, RCC firewall, filling/levelling of store yard, fire fighting works" at Area Store Raigarh (C.G.) | 1.64 Crore |

Note – (1) The detailed NIT, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding .cspcl. co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST@18%

SAVE ELECTRICITY

**Executive Director (Civil)**
**CSPDCL Raipur**

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# एपस्टीन फाइल्स की नई खेप, ट्रंप पर रेप का आरोप

*डीओजे ने 30 हजार पन्नों के जारी किए नए दस्तावेज*

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में एक बार फिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) ने मंगलवार रात इस केस से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं। इन फाइलों में ट्रंप और एपस्टीन की पुरानी जान-पहचान, निजी यात्राओं और कुछ गंभीर लेकिन अप्रमाणित आरोपों का जिक्र है। नए जारी हुए पन्नों में ट्रंप पर रेप के भी आरोप लगे हैं। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा है कि ट्रंप पर लगाए गए रेप के आरोप बिना सबूत के हैं और इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए।




### सबसे विवादास्पद खुलासे

सबसे विवादास्पद खुलासों में अक्टूबर 2020 की एक एफबीआई फाइल शामिल है, जिसमें एक महिला ने दावा किया है कि डोनाल्ड ट्रंप और जेफ्री एपस्टीन दोनों ने उसके साथ रेप किया। फाइल में एक लिमोजीन ड्राइवर के बयान का भी जिक्र है, जिसने 1995 में एक फोन कॉल सुनी थी, जिसमें ट्रंप कथित तौर पर किसी लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात कर रहे थे। हालांकि, एफबीआई रिकॉर्ड यह साफ नहीं करते कि इन आरोपों की औपचारिक जांच हुई या नहीं।

**हाथ से लिखा पत्र और विवाद :** फाइलों में एपस्टीन का एक कथित हाथ से लिखा हुआ लेटर भी शामिल है जिसमें राष्ट्रपति के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। यह पत्र सत्यापित नहीं है और डीओजे ने इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट ने दोहराया है कि ट्रंप पर एपस्टीन केस में कोई आपराधिक आरोप नहीं है। और कई दस्तावेज 2020 के चुनाव से पहले बिना जांच के जमा किए गए थे।

## शब्द पहेली - 6088



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6087 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6098

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6097 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ बंद का...

वहीं रायपुर समेत अन्य जिलों में भी बंद का व्यापक असर देखने को मिला। रायपुर में सुबह शहर के पेट्रोल पंप बंद रहने के कारण बस, ऑटो रिक्शा ठप रहा। इससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बंद को पूर्ण समर्थन दिया। शहर में सुबह शराब की दुकानें बंद रहीं, वहीं मेडिकल दुकानें खुली रहीं। चैंबर के सदस्य सड़कों पर उतरकर दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील करते नजर आए। रायपुर के जयस्तंभ चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और सदस्य दुकानों को बंद कराते दिखे। उन्होंने व्यापारियों से एकजुटता दिखाने और समाज के इस आंदोलन को समर्थन देने की अपील की। चैंबर का कहना है कि समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार और ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। बंद से व्यापार पर व्यापक असर पड़ा पूरे प्रदेश में दो हजार करोड़ का व्यपार प्रभावित होने की संभावना है। बंद के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता भी सर्व समाज के साथ नजर आए। शिवसेना के लोगों ने भी प्रदर्शन में भाग लेकर धर्मांतरण के विरोध में नारेबाजी की और प्रशासन से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण है और वे कानून व्यवस्था का पूरा पालन कर रहे हैं। खबर है, बंद के दौरान बस्तर, धमतरी, रायपुर समेत कुछ जगह विवाद और तोड़फोड़ के हालात बने।

**तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज –**

बंद समर्थकों द्वारा मैग्नेटो माल में क्रिसमस की तैयारी में लगाए जा रहे मंच में तोड़फोड़ करने के आरोप में तेलीबांधा थाने की पुलिस ने अज्ञात 30 से 40 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 190, 191(2), 324(2), 331(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फूटेज तथा वायरल वीडियो की पड़ताल करने के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

**कांकेर के आमाबेड़ा गांव में शांति–**

बंद के मद्देनजर आमाबेड़ा गांव में कल रात से ही भारी पुलिस की तैनाती की गई थी। पुलिस ने लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा था कि वो किसी तरह का हंगामा न करें। पुलिस ने गांव वालों से कहा था कि कानून अपने तरीके से काम करेगा, जो भी आमाबेड़ा गांव की घटना में दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भारी पुलिस की तैनाती के चलते इलाके में शांति रही।

**बस्तर संभाग में बंद का व्यापक असर –**

बंद का बस्तर संभाग में व्यापक असर देखने को मिला। संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर और कोंडागांव जिलों में बंद सफल रहा। सभी जिलों के गांवों में भी बंद का व्यापक असर दिखा। यात्री बस परिचालन, माल परिवहन भी बंद रहे। जिला मुख्यालय जगदलपुर में बंद के दौरान हंगामा हुआ. शहर और दुकानों को बंद कराने निकले विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं की बहस दुकानदारों से हुई। घंटे भर तक दुकानों के बंद किए जाने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोग हंगामा करते रहे। हालाकि बंद को पहले ही बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन दे दिया था, बावजूद इसके कई दुकानदार दुकान खोलकर बैठे थे। दुकान खोलने वाले दुकानदारों का कहना था कि कल क्रिसमस है और लाया गया माल नहीं बिका तो उनको नुकसान होगा।

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

### बस अड्डे पर...

दर्ज नहीं कराई गई है। इधर आमानाका इलाके में भी पेट्रोल पंप बंद कराने को लेकर कुछ देर तक माहौल गरमाया रहा। दूसरी ओर शहर के अन्य जगहों पर सभी दुकानें व बाजार सुबह से बंद रहे।

### महाबंद के बीच...

उग्र हो गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दिए जाने की बात कही जा रही है, हालांकि आधिकारिक बयान का इंतजार है। छत्तीसगढ़ महाबंद के बीच इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक तनाव को उजागर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटने की बात कह रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### मंत्रियों, बड़े पुलिस...

हिस्सा है। इस प्रक्रिया को समाप्त करने के इरादे से सलामी गारद की वर्तमान व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन किया गया है। इस बदलाव को सक्षम स्वीकृति मिलने के बाद इस निर्देश को तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात सरकार ने कही है।

### विश्नोई गैंग के...

खिलाफ राज्य के कोरबा, रायपुर, रायगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों में 40 से ज्यादा अपराध दर्ज हैं। अमन तथा मयंक द्वारा संचालित गिरोह झारखंड में सड़क निर्माण तथा कोल कारोबार से जुड़े कारोबारियों से प्रोटेक्शन मनी की मांग करता था। प्रोटेक्शन मनी नहीं देने पर कारोबारियों से वसूली करने फायरिंग करवाते थे।

### राजनीतिक और व्यावसायिक...

भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि कारखाना एरिया निवासी भाजपा नेता जनपद सदस्य अक्षय गर्ग 50 वर्ष, जो ठेकेदारी का कार्य करता था। मंगलवार की सुबह अपने वाहन इनोवा क्रमांक जेएच 05 डीके 2244 से ग्राम कटोरी नगोई स्थित अपने कार्यस्थल पर गया हुआ था। सुबह लगभग 9.30 बजे अक्षय गर्ग अपने कैंप के पास मजदूरों से कामकाज को लेकर चर्चा कर कर था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने धारदार टंगिया व तलवार से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इस हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारियों की टीम मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी।

### इसलिए रची हत्या...

आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4345 व टांगी, लोहे का तलवार को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### सक्ती के अस्पताल...

फोरेंसिक टीम भी बुलाई। टीआई लखन पटेल ने बताया कि मृतक की पहचान बिट्टू तिवारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह नशे का आदी था और घर में भी आना-जाना उसका कम होता था। बुधवार 24 दिसंबर को वह अस्पताल में अचानक पहुंचा, इसकी जानकारी किसी को नहीं हुई और वह आइसोलेशन वार्ड में चला गया जहां कोई नहीं था। जहां पर आगजनी की घटना हुई वहां पास ही थैले में शाल और कंबल भी मिले है। फिलहाल आगजनी का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है। पुलिस हर बिंदुओं में जांच कर रही है।

### राजकीय सम्मान के...

अनुज शर्मा, पंकज झा, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के अलावा राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। दिवंगत साहित्यकार विनोद शुक्ल के निधन के बाद से ही उनके टैगोर नगर स्थित निवास स्थान पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ पहुंचने लगी थी। निधन के दूसरे दिन बुधवार को सुबह करीब 11.30 बजे उनके निवास स्थान से राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा निकालने से पूर्व उनके पार्थिव शरीर पर तिरंगा लपेटा गया। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को बढ़ते कदम के शव वाहन में अंतिम यात्रा निकाली गई। शव वाहन को भी राजकीय सम्मान के अनुरूप फुलों से सजाया गया था।

**पुष्पगुच्छ अर्पित कर दिया गया गॉड ऑफ ऑनर–**

मुक्तिधाम में दिवंगत शुक्ल जी के पार्थिव शरीर पर बार-बारी से अंत्येष्टी में शामिल हुए प्रमुख लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राजकीय सम्मान में पुलिस कर्मियों ने गॉड ऑफ ऑनर दिया। राजकीय सम्मान के बाद तिरंगा को पार्थिव शरीर से निकालकर कलेक्टर, एसएसपी ने उनके परिवार के सदस्यों को सम्मानपूर्वक सौंपा।

**प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने दी श्रद्धांजलि–**

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र एवं साहित्यकार स्वर्गीय विनोद शुक्ल के निधन की सूचना मिलने पर प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास भी रायपुर पहुंचकर उनके अंतिम विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्वास ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बताया जा रहा है कुमार विश्वास दिवंगत शुक्ल के काफी करीबी रहे है। विश्वास दिवंगत शुक्ल की रचनाओं व लेखनी से काफी प्रभावित रहे है।

### कैट में दिल्ली...

किए हैं। 99.99 पर्सेंटाइल का स्कोर करने के मामले में हरियाणा राज्य सबसे ऊपर है। हरियाणा में 5 कैंडिडेट्स ने 99.99 परसेंटाइल का स्कोर किया है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में चार-चार कैंडिडेट हैं। कैट रिजल्ट जारी होने के साथ ही 2.58 लाख कैंडिडेट्स का इंतजार खत्म हो गया है। यह परीक्षा भारत के 170 शहरों में फैले 339 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/ 2025 — दिनांक 19.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 31 अंतर्गत काली मंदिर से आर.पी. नगर शिवाजी नगर मोड़ तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) (प्रथम निविदा) | 49.64 | 14.01.2026 (T.No. 182063) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
असली केंदवा मलहम ®
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (39482)

आवश्यकता है- लॉज में हाउस कीपिंग कार्य एवं दुकान में एकाउंटेन्ट कार्य हेतु लड़के और लड़कियों की तथा घर में काम करने के लिए बाई की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7869523344, 7301717175 (39484)

आवश्यकता है- इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाने हेतु अंग्रेजी में अच्छे संचार कौशल वाले शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अन्य कार्य हेतु शिक्षित लड़कियां चाहिए सम्पर्क करें- बचपन ए-प्ले स्कूल देवरीखुर्द बिलासपुर 7610888883, 7999358334 (39485)

आवश्यकता है- रेस्टोरेन्ट में काम करने के लिए तन्दूर मिस्त्री, वेटर लेडीज जेन्ट्स दोनों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साँझा चूल्हा, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8319344041 (39486)

आवश्यकता है- मेन्स वियर में काम करने के लिए सेल्समैन की आवश्यकता है केवल अनुभव लड़के ही सम्पर्क करें- सुबह 11:30 से शाम 7:00 यूनिक फैशन शिव टॉकीज चौक बिलासपुर 930315 9900, 9630110824 (39487)

आवश्यकता है-मार्केटिंग मैनेजर और ई रिक्शा ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर अपना बायोडाटा भेजें 62630 77177 (39471)

आवश्यकता है-OCEAN कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18-28 वर्ष, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752337082 (39473)

आवश्यकता है- मेडिकल एजेन्सी में बिलिंग एवं एकाउंटिंग, माल पैकिंग करने, ट्रांसपोर्ट लेजाने, आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 (39479)

आवश्यकता है-बुटीक में सिलाई कार्य करने हेतु महिला/पुरुष की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आशा कलेक्शन बुटीक, मसानगंज पतंजलि मेगा स्टोर के पास इमलीपारा बिलासपुर 9131745687 (39474)

आवश्यकता है- FMCG वेलनेस एजेन्सी में बिलिंग एवं प्रोडक्ट देने हेतु एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। योग्यता- ग्रेजुएट, कम्प्यूटर जानकार बायोडाटा सहित इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9893081826, 70671 24226 (39476)

आवश्यकता है-शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 78800 03190, 7880003160 (521)

आवश्यकता है- होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुनानक मेडिकल स्टोर्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7697780808 (39466)

आवश्यकता है- ऑफिस ब्वाय- 3पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग हेतु ऑटो चालक एवं सफाई कार्य हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575488884 (39480)

आवश्यकता है- सिरजन ऑटोमोटिव जरहाभाटा महिन्द्रा स्पेयर पार्ट्स शोरूम में एकाउन्टेट- 1, कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1, ड्राइवर- 1, स्पेयर पार्ट्स निकालने हेतु 1पद की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7415894000 (39467)

आवश्यकता है-इलेक्ट्रीकल प्रोडक्ट हेतु अनुभवी सेल्समैन (वेतन 30-50 हजार+ अन्य सुविधा)कालोनी हेतु नवयुवक सुपरवाइजर (वेतन 10000+ अन्य सुविधा) आफिस कार्य हेतु स्मार्ट युवती (वेतन 8-10 हजार) बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 9826122148 (39465)

आवश्यकता है-बैक आफिस कार्य, टेली सेल्स हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 5500 से 7000 इंटरव्यू समय 11 से 2बजे तक। फ्रेशर/ अनुभवी सम्पर्क करें- डीआर कंसल्टेंन्ट, मंदिर चौक बिलासपुर 62633 37237 (39463)

आवश्यकता है-होटल में कार्य करने हेतु हाउस कीपिंग स्टॉफ एवं रेस्टोरेन्ट में कार्य हेतु कैप्टन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9977861508 (39456)

आवश्यकता है-बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534 (39436)

आवश्यकता है-फिल्ड/ ऑफिस वर्क हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता है 10वी, 12वी, सैलरी 10000 मासिक इंटरव्यू- शनिवार 27/12/2025 सम्पर्क करें- प्रसाद एडवोकेट चैंबर्स, द्वितीय तल बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा इमलीपारा रोड बिलासपुर 7828847691 (437)

आवश्यकता है-गैरेज में कार्य हेतु मैकेनिक, वर्कर (कार वॉशिंग) हेल्पर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, स्मार्ट रोड, संजीवनी अस्पताल के पास बिलासपुर 7974332986 (39468)

आवश्यकता है- नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (39475)

आवश्यकता है-मिठाई, नमकीन बनाने हेतु मिस्त्री, 2 हेल्परो की तत्काल आवश्यकता है वेतन कार्य का अनुभव के आधार पर होगा। जो नशा मुक्त हो वही सम्पर्क करें व्यापार विहार बिलासपुर 7389995156 (39472)

आवश्यकता है-आफिस में साफ सफाई एवं अन्य कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9993553322, 98933 44496 (39470)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 80852 33213, 8253010291, 8889 997826 (39295)

आवश्यकता है- साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता आनुसार सम्पर्क करें- शिव क्लॉथ स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 98278 87934 (39458)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु टेलिकॉलिंग महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलरी 5000 से 10000+ अतिरिक्त कमीशन सम्पर्क करें- गीतांजलि विहार लखन भोजनालय नेहरू नगर बिलासपुर 09685646863 (0301)

आवश्यकता है-श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य अन्य कार्य हेतु लड़कों, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 8000 (समय सुबह 10 से शाम 7बजे) सम्पर्क करें- साइन्स कॉलेज सरकंडा बिलासपुर 90747 41377 (434)

आवश्यकता है- शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000 रहना खाना फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना संपर्क करें 6261667355, 911130 0616 (524)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06, जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019 (348)

## बेचना है

बेचना है-न्यूनतम कीमत पर सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान वास्तु अनुसार बना सेन्ट फ्रान्सिस स्कूल से नजदीक नेहरू चौक से 2km, रिंग रोड नं.2, गौरव पथ से 500m. अमेरी में सम्पर्क- 81031 21458, 9575555811 (39464)

बेचना है-बिलासपुर गोड़पारा में निर्मित दो मंजिला मकान माया दुबे नर्सिंग होम के सामने जिसका भूस्वामी वैश्य (बैशवाड़े) कुर्मी समाज भाड़ी, है। क्षेत्रफल वर्गफीट में खसरा 169 रकबा 2478 वर्गफीट मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9826173751, 70896 27465, 9399121049 (39446)

बेचना है- 10×14=140 फुट दुकान मेन रोड पर मिशन हॉस्पिटल रोड राजू दोसा के सामने जिसमे दीदी गारमेन्ट लिखा है शीश महल के पास सदर बाजार में बेचना है। सम्पर्क- 9827938236, 8770963388 (39477)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

बेचना है- 12×16 की दो दुकान गोदाम के लिए श्री राम प्लाजा में सिटी कोतवाली के पास सन्त कंवर राम मार्केट के सामने गोल बाजार के पास बेचना है सम्पर्क करें- 93008 33924 (39478)

## किराया

किराया- 27खोली विकास नगर संजय तरण पुष्कर सरकारी क्वार्टर्स के पास, प्रथम तल पर 2BHK मकान वरांडा ओपन टेरेस। नौकरी, पेशा, छोटे परिवार को किराये पर देना है सम्पर्क करें- 9827903253 (39481)

## फाइनेन्स

फाइनेन्स-राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्क शीट, आधार कार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होम लोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे नोट- धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नम्बर- 81683 38503, 8168338503 (435)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/ Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100 Rs. EXTRA.
ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm.
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 5+3 10+10 15+18 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | |
| Raipur Edition | 4400 | |
| Bilaspur City | 2500 | |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 900/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
➡ जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
➡ जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
➡ शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-मो. 9993567380, 8770837744
➡ एड प्रयास:-मो. 9826701269, 9926003943
➡ श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-मो. 9827168452, 9300625174
➡ रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-मो. 9826129386, 8319503386
➡ जे.जे. एडवरटाइजर्स:-मो. 9300659628
➡ भार्गव एडवरटाइजर्स:-मो. 9827167997
➡ श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-मो. 9826705603
➡ एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-मो. 9827180896, 9131155033
➡ रौनक पब्लिसिटी:-मो. 9300328290, 9981658490
➡ श्री श्याम पब्लिसिटी:-मो. 9425540759
➡ अमित पब्लिकेशन:-मो. 9826304304, 9827124304
➡ विप्रा विज्ञापन सेवा:-मो. 9302462506
➡ माधवास & कम्पनी:-मो. 9977185123, 9893115084
➡ बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586






## कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के

### विजय हजारे ट्राफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

## बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



रांची। बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

## गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

## ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाज़ी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

### लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

## रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी



**जयपुर।** सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा । रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए । इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए । रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

## वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी



**रांची।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## खबर संक्षेप



### विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं।


### खेल का अत्यधिक विश्लेषण और बदलाव नहीं करें ग्रीन

**मेलबर्न।** दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को चीजों को सरल बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में सही रणनीति अपनाने के लिए वह अपने खेल का अत्यधिक विश्लेषण या उसमें बदलाव नहीं करें। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। घरेलू क्रिकेट में अपने अच्छे प्रदर्शन के बारे में सोचें और घरेलू क्रिकेट के अपने अच्छे प्रदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में भी दोहराने की कोशिश करें।'



### गुकेश के पास जीत के साथ सत्र का अंत करने का मौका

**दोहा।** इस साल खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश के पास जीत के साथ अंत करने का सुनहरा मौका है जबकि कोनेरु हम्पी सितारों से सजी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में खिताब बचाने की कोशिश में होंगी।



# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



### चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

### चौथे टेस्ट के लिए किया टीम का ऐलान

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। पोप का इस श्रृंखला में बल्लेबाजी औसत 20.83 है। डकेट ने श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम में जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग।

### सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

## उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की।



संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।

# शीतल का शानदार प्रदर्शन, रिकर्व खिलाड़ियों ने किया निराश

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जन्म से ही हाथों के बिना जन्मी शीतल देवी ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में भारतीय तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, लेकिन अगले साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले रिकर्व तीरंदाजों का प्रदर्शन चिंताजनक बना हुआ है। जम्मू के किश्तवाड़ की रहने वाली 18 वर्षीय शीतल ने पूरे वर्ष अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी दृढ़ता की शानदार मिसाल कायम की।

पेरिस में 2024 में खेले गए पैरालंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पैरा तीरंदाजी में विश्व चैंपियन बनकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल ने महिला कंपाउंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।



### एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन

ढाका में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने महाद्वीपीय स्तर पर अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और 10 पदकों (छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अंकिता भकत ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष रिकर्व का खिताब अपने नाम किया। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई चैंपियनशिप में रिकर्व की दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की रिकर्व टीम ने भी एक रोमांचक शूट ऑफ में कोरिया को हराकर उनके लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को तोड़ा।

### कंपाउंड तीरंदाजी को मिली ओलंपिक में मान्यता

इस साल का एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार 2025 में कंपाउंड तीरंदाजी को ओलंपिक में मान्यता मिल गई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की कि कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले खेलों के तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस स्पर्धा के शामिल होने से ओलंपिक तीरंदाजी में पदक स्पर्धाओं की कुल संख्या छह हो गई है। रिकर्व वर्ग में पहले से ही पांच स्पर्धाएं शामिल हैं। भारत ने अभी तक ओलंपिक तीरंदाजी में पदक नहीं जीता है, लेकिन उसके पास दुनिया की सबसे मजबूत कंपाउंड तीरंदाजी टीम है। ऐसे में यह फैसला उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा वेन्नम, ऋषभ यादव जैसे तीरंदाजों से अगले ओलंपिक खेलों में पदक की उम्मीद की जा सकती है।

### रिकर्व तीरंदाजों के लिए मुश्किल रहा साल

भारत के रिकर्व तीरंदाजों के लिए विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में यह साल काफी मुश्किल रहा। विश्व चैंपियनशिप में भारत कोई भी पदक नहीं जीत पाया, जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव भी उजागर हुआ। अंकिता ने ढाका में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने महिला रिकर्व के सेमीफाइनल में विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी को हराया। इससे दीपिका के खेल में गिरावट भी साफ नजर आई। चार बार की ओलंपियन दीपिका विश्व कप सर्किट में केवल एक व्यक्तिगत कांस्य पदक ही जीत पाईं और एशियाई चैंपियनशिप में तो उन्हें कांस्य पदक से भी वंचित रहना पड़ा।

### इंग्लिश लीग कप फुटबॉल

## आर्सेनल की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने एक रोमांचक मैच में क्रिस्टल पैलेस को पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। केपा अरिजाबलागा ने एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में मैक्सेंस लैक्रोइक्स की पेनल्टी किक को रोककर आर्सेनल की शूटआउट में जीत पक्की की। निर्धारित समय तक यह मैच 1-1 से बराबरी पर था। इससे पहले लैक्रोइक्स ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे आर्सेनल ने बढ़त हासिल की। मार्क गुएही ने स्टॉपेज टाइम में पैलेस के लिए बराबरी का गोल दागा।

## नीता एफए ने सेसा को हराया प्यारी खाका ने लगाई हैट्रिक

**कोलकाता।** प्यारी खाका की हैट्रिक की बदौलत नीता फुटबॉल अकादमी ने सेसा फुटबॉल अकादमी को 6-1 से हराकर 'इंडियन वुमैन्स लीग' (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 अभियान में अपनी पहली जीत दर्ज की। खाका शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर (पहले, 71वें और 74वें मिनट) में हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नीता एफए की टोगो की फॉरवर्ड अमीरातौ एनजंबारा (25वें और 60वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि मिडफील्डर भूमिका देवी (छठे मिनट) ने एक गोल किया।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचल: द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सलाहकार/वास्तुकार/वास्तुकला फर्म के रूप में सूचीबद्ध होने हेतु योग्य व्यक्तियों/फर्मों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14.01.2026 है। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://punjabandsind.bank.in/module/tender-list देखें ।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, क्र.,25 द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर-495009 (छ.ग.) भारत दूरभाष: +91-7752-260342, वेबसाइट www.ggu.ac.in

संदर्भ क्र. 929/प्रवेश/अकादमिक/25 प्रवेश सूचना (2026-27) बिलासपुर, दिनांक– 23.12.2025

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिये राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) (पी जी–2026) के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है

(अ) **प्रवेश के लिए उपलब्ध पाठ्यक्रम :**
बैचलर ऑफ एजुकेशन (बी.एड.), बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (लर्निंग डिसेबिलिटी), बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (श्रवण बाधित), बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बी.पी.एड.), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (बी. लिब. एंड आई. एससी.),
स्नातकोत्तर कार्यक्रम : एम.एससी. वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फोरेंसिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, वानिकी, भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित, प्राणी विज्ञान, एम.ए. अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, पत्रकारिता एवं जनसंचार, हिंदू अध्ययन, जनजातीय अध्ययन, मास्टर ऑफ एजुकेशन (एम.एड.), मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एम.पी.एड.), मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू), मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस (एम.सी.ए.), एम.ए./एम.एससी. मानव विज्ञान, एम.लिब. एवं इन्फ. साइंस, एम. कॉम., एलएलएम, एमबीए, एम. फार्म.

(ब) प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, सीटों की संख्या, आरक्षण नीति, प्रवेश परीक्षा के प्रावधान, शुल्क एवं प्रवेश परीक्षा हेतु कार्यक्रम–विषय मैपिंग की जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ggu.ac.in में उपलब्ध लिंक 'प्रवेश सूचना 2026–27' का एवं https://exams.nta.nic.in/cuet-pg/ का अवलोकन कर सकते हैं।

(स) यह प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जाएगी, अतएव सीयूईटी पीजी के लिए एनटीए द्वारा अधिसूचित प्रवेश प्रक्रिया एवं प्रवेश परीक्षा के पाठ्यक्रम का अनुसरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को सभी तरह की अद्यतन जानकारी के लिए उपरोक्त उल्लेखित लिंक का नियमित रूप से अवलोकन करना होगा।

(द) **महत्वपूर्ण तिथियां :**
1. ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया प्रारंभ तिथि : 14-12-2025
2. ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 14-01-2026

(ई) एम.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश पृथक विज्ञापन के माध्यम से दिया जाएगा। एम.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
कुलसचिव




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com